
हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 287 देहरादून, सोमवार, 13 मई 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16



नैनीताल से शिफ्ट होगा हाईकोर्ट कहां बनेगा न्याय का नया मंदिर

3

# आर्मी बैंड, ढोल नगाड़ों और जयकारों के साथ खुले बदरीनाथ धाम के कपाट, पहुंचे हजारों श्रद्धालु

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट,13, मईयमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ मंदिर के कपाट 10 मई को खुलने के बाद 12 मई की सुबह बदरीनाथ धाम के कपाट भी भक्तों के दर्शन के लिए खुल गए हैं।हजारों श्रद्धालु भगवन बद्री विशाल के दर्शन करने पहुंचे है,आस्था के इन पलों को आर्मी के बैंड और ढोल नगाड़ों ने अद्भुत बना दिया,जयकारों और मांगलिक स्वर लहरियों के बीच आज बदरीनाथ धाम के कपाट खुल गए है। भक्तगण अब छह महीनों तक भगवान बदरी विशाल के दर्शन और पूजा कर सकेंगे।भगवन बद्री विशाल के कपाट खुलते ही धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं, कपाट खुलने पर सीएम पुष्कर धामी ने तीर्थयात्रियों को धाम के कपाट खुलने और सुगम तीर्थ यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं ।

कपाट खुलने के समय आसमान से हल्की बारिश भी बरसती रही। आर्मी बैंड, ढोल नगाड़ों की स्वर ध्वनियों और स्थानीय लोगों के पारंपरिक संगीत नृत्य के साथ भगवान बदरी विशाल की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधि विधान से पूजा

**Chardham Yatra**

पाठ के साथ कुबेर, उद्धव एवं गाडू घड़ा को दक्षिण द्वार से मंदिर में परिसर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी रावल समेत धर्माधिकारी, हक हकूकधारी एवं बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने प्रशासन और हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में जयघोष के साथ मंदिर के कपाट खोले। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने गर्भगृह में भगवान बदरीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए देशवासियों की खुशहाली के लिए कामना की। कपाट खुलने के अवसर पर श्रीबदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश के सहयोग से आस्था पथ से लेकर धाम को ऑर्किड और गेंदे के 15 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। उत्तराखंड के चार धामों की यात्रा उत्तरकाशी यमुनोत्री धाम से आरम्भ होती है,जोकि गंगोत्री और केदारनाथ होते हुए बदरीनाथ धाम पहुंचती है। मालूम हो कि इससे पहले यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ मंदिर के कपाट 10 मई को खोल दिए गए हैं।





**पिछली चारधाम यात्रा में दर्शन करने वाले श्रद्धालु :** पिछली चारधाम यात्राओं को देखें तो 2016 में 6,54355, वर्ष 2017 में 9, 20466 वर्ष 2018 में 10,48051 वर्ष 2019 में 12, 44993, वर्ष 2020 में 15,5055 श्रद्धालु बदरीनाथ धाम पहुंचे थे। वर्ष 2021 में कोरोना संकट के कारण 1,97997 श्रद्धालु ही बदरीनाथ आए। कोरोना के बाद बीते साल 2022 में 17,63549 और 2023 में रिकॉर्ड 18, 39591 श्रद्धालुओं ने बदरी विशाल के दर्शन प्राप्त किये ।

आदि केदारेश्वर मंदिर के कपाट भी खुले

वर्षों से चार धाम तीर्थ यात्रा की परंपरागत प्रक्रिया है बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले आदि केदारेश्वर मंदिर के कपाट खुलते है। परंपरा के अनुसार सुबह पांच बजे से बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खोलने की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके तहत 5 बजकर 20 मिनट पर पर वैदिक मंत्र उच्चारण शुरू हुए। इसके साथ ही जब रावल ने बद्रीनाथ मंदिर के द्वार दरवाजे पर लगी सील को खोला, उसी समय राज दरबार के प्रतिनिधि कांता प्रसाद नौटियाल ने मंदिर के मुख्य द्वार का दरवाजा खोला और सबसे पहले बदरीनाथ के रावल और बतला बड़वा ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया।

**दूसरे तीर्थ स्थलों पर भी जुटने लगी श्रद्धालुओं की भीड़ :** चारधाम यात्रा के दौरान भू-बैकुंठ धाम में अन्य तीर्थ स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने लगी है। मंदिर के कपाट खुलते ही तप्तकुंड, नारद कुंड, शेषनेत्र झील, नीलकंठ शिखर, उर्वशी मंदिर ब्रह्म कपाल, माता मूर्ति मंदिर व देश के प्रथम गांव माणा, भीमपुल, वसुधारा जलप्रपात एवं अन्य ऐतिहासिक व दार्शनिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं का आना जारी है।

## न्यायाधीशों ने किया गैरसैंण में मुन्सिफ मजेष्ट्रेट कर्मचारी आवास ग्रहों को लोकर्पण, जिला जज सिंह भी रहे मौजूद

चमोली। हाईकोर्ट में प्रशासनिक न्यायाधीश राकेश थपलियाल और न्यायाधीश पंकज पुरोहित ने रविवार को गैरसैंण में निर्मित सिविल कोर्ट रेजिडेंस भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर हाईकोर्ट नैनीताल के जस्टिस पंकज पुरोहित ने कहा कि कर्मचारियों को कोर्ट परिसर में आवास सुविधा मिलने से उनकी रहने की समस्या का समाधान होगा। न्यायाधीश राकेश थपलियाल ने कहा कि शीघ्र ही कोट परिसर में अधिवक्ता चेंबर कोर्ट आदि बनकर तैयार हो जाएगा। इससे अन्य प्रकार की सभी सुविधाएं यहां मुहैया हो जाएगी। उन्होंने अधिवक्ताओं को आवाहन किया कि वे जनता को सस्ता न्याय प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। जिला जज धर्म सिंह ने दोनों न्यायाधीशों का स्वागत कर आभार प्रकट किया। बार संघ चमोली और बार संघ गैरसैंण द्वारा दोनों न्यायाधीशों को स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ा कर उनका सम्मान किया गया।

## यमुनोत्री के यात्रा रूटों पर एसपी ने संभाली कमान

उत्तरकाशी। यमुनोत्री मंदिर के कपाट खुलने के दूसरे दिन यात्रा पड़ावों पर जाम और अन्य अव्यवस्थाओं के कारण कई यात्रियों को बगैर दर्शन कर ही वापस लौटना पड़ा है। व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए शनिवार देर रात को एसपी अर्पण यदुवंशी यमुनोत्री यात्रा रूट पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को सुधारने में जुटते दिखे।एसपी ने ड्यूटी पर तैनात संबंधित अधिकारियों व पुलिस जवानों को अलर्ट मोड पर रहकर तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए। एसपी ने यमुनोत्री हाईवे पर स्यानाचट्टी के पास जाम को क्लियर करवाकर यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की कवायद में लगे रहे। उन्होंने बताया की संकरे और संवेदनशील स्थानों पर यात्रियों की सुविधा तथा सुरक्षा को देखते हुए पुलिस गेट और वन-वे सिस्टम से यातायात को नियंत्रित कर रही है।

## गंगोत्री यात्रा मार्ग पर पौन घंटे जाम में फंसे रहे यात्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी। गंगोत्री यात्रा मार्ग पर रविवार को सुक्की बैंड से दो किमी पीछे तक यात्री वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। करीब पौन घंटे तक लगे जाम के कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑलवेदर प्रोजेक्ट के तहत चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं होने से यात्रा के दौरान वाहनों का भारी दबाव देखने को मिल रहा है। कुछ संकरे स्थानों पर जाम की स्थित बन रही है।

रविवार को सुक्की बैंड से पीछे लंबा जाम लगा रहा, जिससे सैकड़ों यात्री वाहन जाम में फंसे रहे। ब्लॉक प्रमुख विनीता रावत ने बताया कि यात्रा मार्ग पर जाम की स्थिति से निपटने के लिए ऐसे स्थानों पर प्रशासन की तरफ से पुलिस, होमगार्ड व पीआरडी जवान तैनात रखे जाने चाहिए। कहा कि गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑलवेदर प्रोजेक्ट के तहत बड़ेथी से लेकर गंगोत्री तक कार्य शुरू कर देना चाहिए, ताकि धाम की यात्रा सुगम हो सके।

## ब्रह्मलीन शंकराचार्य माधवाश्रम की जयंती पर निकली शोभायात्रा

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में रविवार को ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर क्षेत्र में भारी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। विभिन्न स्थानों और चौक-चौराहों पर शोभयात्रा का स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया। जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ त्रिवेणीघाट पर गंगा पूजन किया गया। आदिगुरु शंकराचार्य माधवाश्रम की पादुका का पूजन भी हुआ। इसके बाद मायाकुंड स्थित स्वामी शंकराचार्य माधवाश्रम समाधि संस्थान जनार्दन आश्रम दंडीवाड़ा से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मायाकुंड से यात्रा सुभाष चौक से होते हुए मुखर्जी चौक पहुंची। यहां स्थानीय लोगों ने यात्रा का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। दून तिराहे से यात्रा चंद्रभागा पुल से पुराने बदरीनाथ मार्ग से होकर वापस मायाकुंड आश्रम पहुंची। श्रद्धांजलि समारोह में दंडी स्वामी अनिरुद्धानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि जब हमारे देश में सनातन धर्म पर आक्रांताओं ने आक्रमण किया।

# क्या है वायरल Husband Test ट्रेंड जिसके लिए क्रेजी हो रही महिलाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 13 मई : आपके रिश्ते की डोर कितनी मजबूत है, इसे टेस्ट करने के लिए कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर 'ऑरेंज पील थ्योरी' और 'केचअप चैलेंज' ट्रेंड खूब वायरल हुआ था. इन दिनों एक नया रिलेशनशिप टेस्ट खूब ट्रेंड में है, जिसके जरिए महिलाएं अपने बॉयफ्रेंड और रिलेशनशिप के प्रति उनके कमिटमेंट को टेस्ट कर रही हैं. कई इंटरनेट यूजर्स 'हस्बैंड टेस्ट' कहे जाने वाले इस ट्रेंड में कूदकर अपने-अपने पार्टनर का रिएक्शन शेयर कर रहे हैं. आइए जानते हैं कि नया रिलेशनशिप ट्रेंड क्या है, और इसे हस्बैंड टेस्ट क्यों कहा जा रहा है।



नए ट्रेंड के अनुसार, महिलाएं अनौपचारिक बातचीत के दौरान अपने प्रेमी को हस्बैंड कहकर पुकारती हैं और देखती हैं कि वह इस पर कैसे रिएक्ट करता है. इस दौरान महिला चुपके से कैमरे पर सब कुछ रिकॉर्ड कर रही होती है. ट्रेंड में शामिल लोगों का मानना है कि अगर बॉयफ्रेंड मुस्कुराता है तो समझ लीजिए कि रिलेशनशिप हेल्दी है. अगर बिदक जाता है, तो इसका मतलब रिलेशनशिप लंबा नहीं चलने वाला।

ट्रेंड पर एक्सपर्ट का क्या है कहना?

हालांकि, एक्सपर्ट्स का कहना है इन ऑनलाइन टेस्ट्स के जरिए रिलेशनशिप को अच्छा या खराब मान लेना जल्दबाजी होगी. उनका मानना है कि कैमरे पर दिए गए एक रिएक्शन से कोई भी अंदाजा नहीं लगा सकता कि रिलेशनशिप कैसा है. इसलिए इन टेस्ट्स के चक्करों में पड़कर अपने रिश्ते को खराब न करें. क्योंकि, रिलेशनशिप आपसी प्यार और सम्मान से मजबूत होता है. इसके लिए किसी टेस्ट की जरूरत नहीं।

कैसे शुरू हुआ ये ट्रेंड? यह ट्रेंड तब शुरू हुआ, जब टिकटॉकर क्रेंजी ग्रीन ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने जानबूझकर बॉयफ्रेंड का रिएक्शन जानने के लिए उसे हस्बैंड कहा. लेकिन बॉयफ्रेंड को यह बात पसंद नहीं आई और उसने फौरन कह दिया कि वह उसका पति नहीं है. इससे लोगों ने यह निष्कर्ष निकाला कि क्रेंजी का प्रेमी उसके साथ कमिटेड नहीं है. इसके बाद कई लोगों ने 'हस्बैंड टेस्ट' टैग के साथ इसी तरह के रिएक्शन वीडियो शेयर करना शुरू कर दिया. क्रेंजी को टिकटॉक पर 3 करोड़ से अधिक लोग फॉलो करते हैं. उन्होंने उस वीडियो को अब डिलीट कर दिया है।

# शरीर के कोने-कोने का कचरा साफ कर देंगी ये ड्रिंक्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 13 मई : इंसान का शरीर एक मशीन की तरह होता है. ऐसे में यह अच्छी तरह से लंबे समय तक बिना किसी गड़बड़ी के काम करता रहे इसके लिए समय-समय पर इसकी सफाई का होना बहुत जरूरी होता है. दरअसल, दूषित वातावरण में रहने और खराब खानपान के कारण बॉडी में टॉक्सिन जमा होने लगते हैं, जिसके कारण इसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है और व्यक्ति के बीमार होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

ऐसे में बॉडी के सही तरह से फंक्शन करने के लिए इसे डिटॉक्सिफिकेशन की जरूरत होती है. वैसे तो इसके लिए मेडिकेशन का विकल्प भी मार्केट में मौजूद है लेकिन इसे नेचुरल तरीके से भी किया जा सकता है. ऐसे में इस लेख में हम ऐसे समर ड्रिंक्स के बारे में आपको बता रहे हैं जिसकी मदद से बॉडी को हाइड्रेट रखने के साथ डिटॉक्स करने में भी मदद मिलती है.

धनिया पानी सुबह खाली पेट सबसे पहले पीने के लिए यह एक बेहतरीन पेय है. यह शरीर में जमा अतिरिक्त पानी को बाहर निकालने के लिए एक नेचुरल ड्यूरेटिक के रूप में कार्य करता है. यह शरीर में इंसुलिन उत्पादन को बढ़ावा देने में भी मदद करता है और लीवर के स्वास्थ्य को बढ़ाता है जो शरीर में चयापचय को नियंत्रित करने में मदद करता है. एनसीबीआई में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, धनिया में ऐसे एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने के साथ कैंसर से बचाव और इसके ग्रोथ को स्लो करने में मददगार होते हैं.

खीरा + पुदीना + अदरक + नींबू यह एक शक्तिशाली डिटॉक्स ड्रिंक है क्योंकि इसमें ऐसे तत्व शामिल हैं जो एक साथ काम करते हैं. अदरक एक जड़ है जो पाचन में सहायता करती है और आपके पेट को साफ करती है. वहीं, नींबू आपके शरीर को क्षारीय बनाने में मदद करता है, पुदीना आपके सिस्टम को साफ करता है.

स्ट्रॉबेरी और नींबूस्ट्रॉबेरी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, सूजन को कम करती है और इंसुलिन के स्तर में मदद करती है. इसे पानी और नींबू के रस के साथ मिलाने से पाचन में सहायता और पीएच स्तर को संतुलित करते हुए शरीर को साफ करने और साफ करने में भी मदद मिलती है.जीरा पानीजीरा पानी का मिश्रण पीने से आपके शरीर को डिटॉक्सीफाई करने, इससे सभी विषाक्त पदार्थों को निकालने, भूख हार्मोन को दबाने और यहां तक कि चयापचय को तेज करने में मदद मिल सकती है.





# टॉयलेट रोका तो गंभीर होगा नतीजा, महिलाओं को रहना चाहिए सावधान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 13 मई : यूँ तो कहने को ये छोटी सी बात मान सकते हैं क्योंकि ये काम हम और आप कभी न कभी हालात से मजबूरन कर ही देते हैं। लेकिन यही मामूली सी लापरवाही हमको बड़े संकट में भी डाल सकती है। हम बात कर रहे हैं टॉयलेट की , जो कभी कभी सही जगह न मिलने की वजह से हम नज़रअंदाज़ कर देते हैं और असहनीय न हो जाए तब तक टॉयलेट रोक कर रखते हैं। यही नहीं आजकल देर रात या ठंड और आलस या कई बार शर्म की वजह से भी लोग ऐसा करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी ये गलत आदत काफी खतरनाक हो सकती है। यही नहीं आपकी ये आदत कई बीमारियों को जन्म भी दे सकती है।

ज्यादातर लोगों को किसी न किसी चीज से डर लगता है, जिसे फोबिया भी कहते हैं। किसी को ऊंचाई से, तो किसी को पानी में जाने से, या फिर किसी को सांप से डर लगता है। इन सब से अलग कुछ लोगों को टॉयलेट जाने से भी डर लगता है। इसे शाय ब्लैडर सिंड्रोम कहा जाता है। इन लोगों को अपने घर के अलावा किसी और जगह पर टॉयलेट यूज करने में हिचक महसूस होती है।

महिलाओं में ज्यादा देखी जाती है ये समस्या - इस सिंड्रोम से पीड़ित लोगों को पब्लिक टॉयलेट का इस्तेमाल करने से डर लगता है, खासकर तब



जब दूसरे लोग इनके आस-पास होते हैं। शाय ब्लैडर सिंड्रोम वैसे तो महिलाओं में आम है, क्योंकि अधिकतर समय महिलाएं शर्म या गंदे टॉयलेट की वजह से बाथरूम जाने से बचती हैं, लेकिन ये परेशानी पुरुषों और बच्चों में भी देखी जाती है। इंटरनेशनल पैरुरिसिस एसोसिएशन की एक रिपोर्ट अनुसार दुनिया में करीब 2 करोड़ लोग शाय ब्लैडर सिंड्रोम से जूझ रहे हैं। ये लोग आउटडोर पब्लिक गैदरिंग, ट्रैवलिंग या बाजार तक आने-जाने से भी कतराते हैं। सर्दियों में ये समस्या और भी बढ़ जाती है। ठंड के चलते भी कुछ लोग बहुत देर तक टॉयलेट जाने से बचते हैं। सुनने में भले ही ये छोटी सी बात लगती हो, लेकिन ये समस्या कई और गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। तो आप भी अगर ऐसी लापरवाही करते हैं तो अब जरा सम्हल जाएँ और अपनी सेहत से अनजाने में कोई खिलवाड़ न करें।

# दिमाग को शांत करने के लिए बेहद कमाल हैं ये योग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 13 मई : यह एक विशेष प्राणायाम है, जो आपकी श्वास को नियंत्रित करती है. इसमें सांस लेते समय एक नथुने को बंद रखना और फिर सांस छोड़ते समय दूसरे नथुने को बंद रखना होता है. इसके बाद दूसरे नथुने के साथ ये प्रक्रिया दोहराई जाती है. ऐसा करने से आपके नर्वस सिस्टम संतुलित होती है और समय के साथ यह आपके तनाव को कम करती है , इस हठ योग में आपको पीछे की ओर झुकना होता है।

भुजंगासन करने के लिए आपको पेट के बल सीधे लेटना होता है और अपने ऊपरी शरीर को ऊपर उठाना होता है. भुजंगासन से तनाव दूर करने में काफी मदद मिलती है. इसके साथ ही यह आपकी बाहों, कंधों और ऊपरी पीठ को



मजबूत करता है. स्ट्रेस और चिंता को दूर करने के लिए बालासन को बहुत ही उत्तम आसन माना जाता है. इस मुद्रा में आपको घुटनों को आपके नीचे और आपकी छाती को चटाई के पास टक करके रखना होता है. कम से कम 10 मिनट तक इस स्थिति में रहना होता है। अपने एक पैर को लें और इसे अपने दूसरी पैर के ऊपर जांघ पर रखें. वृक्षासन एक एडवांस माउंटेन मुद्रा है, जिसका उद्देश्य आपके संतुलन और एकाग्रता में सुधार करना है. यह हमारे पैरों की बैलेंसिंग मसल्स को मजबूत करने में भी मदद करता है. अगर आप ऊपर दी गई किसी भी मुद्रा को ट्राई नहीं करना चाहते हैं, तो आप शवासन तो कर ही सकते हैं. इसमें आपको केवल चटाई पर आंखें बंद करके लेटना होता है. लेकिन इस छोटे से आसन से आपका तनाव काफी हद तक कम हो जाता है।



# उत्तराखंड : नैनीताल से शिफ्ट होगा हाईकोर्ट कहां बनेगा न्याय का नया मंदिर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल 13 मई : आईडीपीएल ऋषिकेश से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान 8 मई को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी व मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आर के सुधांशु वीसी के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित हुए थे। हाईकोर्ट ने इस दौरान नैनीताल से हाई कोर्ट को शिफ्ट करने की सूचना दी। उसी दिन दोपहर बाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन व अधिवक्ताओं का पक्ष भी सुना गया।





हाईकोर्ट ने कहा है इस मामले में अधिवक्ताओं व जनसामान्य की राय भी बहुत आवश्यक है। मुख्य न्यायाधीश रितू बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने Registrar General High Court को 14 मई 2024 तक एक पोर्टल बनाने का निर्देश दिया है। पोर्टल में अधिवक्ताओं व जनसामान्य के इस मामले में सुझाव लिए जाने हैं कि वे नैनीताल से हाईकोर्ट को शिफ्ट करने के पक्ष में हैं या विपक्ष में। अधिवक्ता और वादकारी यदि हाईकोर्ट के शिफ्ट करने के पक्ष में हैं तो हां, चुनकर अपनी इच्छा बताने के लिए स्वतंत्र हैं। इसके विपरीत यदि वे हाईकोर्ट के शिफ्ट करने के विपक्ष में हैं तो भी अपनी नामांकन संख्या, तिथि और हस्ताक्षर दर्शाकर नहीं लिखेंगे। पोर्टल पर सभी की इच्छाएं 31 मई तक दर्ज की जानी आवश्यक है। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को इस सूचना का राज्य के सभी जिलों में व्यापक प्रसार वाले स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के भी निर्देश दिए हैं।नैनीताल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने निर्देश दिए हैं कि गौलापार में जहां हाईकोर्ट को शिफ्ट करने के लिए जगह चिन्हित की गई है। उस स्थान पर 75 फीसदी तक वन भूमि है और घना जंगल है ऐसी स्थिति में उस स्थान पर हाईकोर्ट की स्थापना करने के लिए पेड़ों को काटना उचित नहीं है। जिस कारण हाईकोर्ट गौलापार में शिफ्टिंग के विपक्ष में है।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों ने कहा है कि नैनीताल में वादकारियों और युवा अधिवक्ताओं को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए हाईकोर्ट को शिफ्ट करना अति आवश्यक है। हाईकोर्ट ने कहा कि वादकारियों और युवा अधिवक्ताओं के लिए नैनीताल में चिकित्सा और कनेक्टिविटी की कमी की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। साथ ही कोर्ट में 75 प्रतिशत से अधिक मामलों में राज्य सरकार के पक्षकार होने और नैनीताल हाईकोर्ट आने में अधिकारियों, कर्मचारियों के टीए व डीए में होने वाले खर्च को देखते हुए हाईकोर्ट को नैनीताल से राज्य के अन्य किसी स्थान पर शिफ्ट करना आवश्यक है।

हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव और उत्तराखंड सरकार को उच्च न्यायालय की स्थापना, न्यायाधीशों, न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए आवासीय आवास, कोर्ट रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल, कम से कम सात हजार वकीलों के लिए चैंबर, कैंटीन, पार्किंग स्थल के लिए सबसे उपयुक्त भूमि का पता लगाने का निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। जिसमें प्रमुख सचिव, विधायी और संसदीय कार्य, प्रमुख सचिव, गृह, दो वरिष्ठ अधिवक्ता, राज्य बार काउंसिल द्वारा नामित एक सदस्य, बार काउंसिल ऑफ इंडिया से अध्यक्ष और एक अन्य इसके सदस्य शामिल किए गए हैं। इस समिति को आदेश दिए गए हैं की ये 7 जून 2024 तक संबंधित पक्षों की राय लेने के बाद सीलबंद रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपेगी। हाई कोर्ट को नैनीताल से शिफ्ट करने के मामले की कोर्ट में अगली सुनवाई के लिए 25 जून 2024 की तिथि तय की गई है।

## एसटीएच के टीबी और चेस्ट विभाग की आधी-अधूरी बिल्डिंग में ओपीडी शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से संबंद्ध एसटीएच के टीबी व चेस्ट विभाग की आधी-अधूरी बिल्डिंग में शुक्रवार से ओपीडी शुरू कर दी गई। करोड़ों रुपये की ये बिल्डिंग दिसंबर-2023 में कॉलेज प्रबंधन को हैंडओवर हो जानी थी, लेकिन बिल्डिंग का कार्य पूरा नहीं हो सका है। एसटीएच का टीबी एंड चेस्ट हॉस्पिटल 2019 से टूटी-फूटी बिल्डिंग में संचालित हो रहा था। अस्पताल के पास हो रहे निर्माण कार्य से मरीजों के साथ-साथ डॉक्टर व स्टाफ भी परेशान थे। इधर, बिल्डिंग के हैंडओवर का मामला लटकने से मजबूरी में टीबी एंड चेस्ट की आधी-अधूरी बिल्डिंग में ओपीडी शुरू कर दी गई है। ओपीडी में आ रहे मरीजों को राहत मिलने लगी है, लेकिन भर्ती मरीजों को जब तक बिल्डिंग हैंडओवर नहीं हो जाती तब तक राहत मिलना मुश्किल है।

दिसंबर में हो जानी थी बिल्डिंग हैंडओवर

मेडिकल कॉलेज परिसर में टीबी एवं चेस्ट रोग विभाग के लिए 2018 में करीब 60 बेड का अलग अस्पताल भवन बनाने का निर्णय लिया था। निर्माण के बाद अगस्त 2023 में राजकीय मेडिकल कॉलेज को हस्तांतरित किया जाना तय हुआ था, लेकिन बिल्डिंग में टीबी मरीजों को भर्ती करने के लिए बनाए कमरों में वेंटिलेशन की उचित व्यवस्था, ड्रीनेज सिस्टम, रैंप, ओपीडी कक्ष गलत जगह पर बनने, प्रवेश द्वार आदि में तमाम खामियां पाई गईं। कॉलेज प्रबंधन ने निर्माण एजेंसी पेयजल निर्माण निगम से इन खामियों को दूर करने को कहा। दूसरी बार में दिसंबर 2023 में इसका हस्तांतरण करना तय हुआ था, लेकिन अभी तक बिल्डिंग में खामियां पूरी तरह से दूर नहीं की गई हैं। मामले में निर्माण एजेंसी पेजयल निर्माण निगम के सहायक अभियंता एसपी बडोनी का कहना है कि कुछ कमियां बताईं गई थीं जिन्हें दूर कर दिया गया है। जल्द ही बिल्डिंग को हैंडओवर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

टीबी मरीजों को नियमित दवा मिलना हो रहा मुश्किल

केंद्र सरकार ने 2025 में टीबी मुक्त भारत का नारा दिया है। इधर टीबी के मरीज लंबे समय से अस्पताल से दवा नहीं मिलने से परेशान है। कभी-कभी अस्पताल में दवा उपलब्ध हो रही है। ऐसे में विभाग के कर्मी जो दवा आ रही है उसे मरीजों में कम मात्रा में बांट कर काम चला रहे हैं। ताकि दवा खाने का क्रम न टूटे। दवा नहीं मिलने से नाराज मरीजों की अस्पताल के स्टाप से रोज नोकझोंक हो रही है।

टीबी एंड चेस्ट विभाग की बिल्डिंग में मरीजों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा के हिसाब से कई सारी खामियां थीं। जिसे ठीक कराया गया है। बिल्डिंग के एक हिस्से में शुक्रवार से ओपीडी चालू कर दी गई है। -डॉ. आरजी नौटियाल, विभागाध्यक्ष, टीबी एंड चेस्ट विभाग।

## यूकेडी की बैठक में निकाय चुनाव पर चर्चा

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक में आगामी नगर निकाय चुनाव और केदारनाथ यात्रा व केदारघाटी में यात्रा के नाम पर संचालित होने रही अनियमित हेली सेवाओं पर चर्चा की गई।अगस्त्यमुनि में आयोजित बैठक यूकेडी के जिलाध्यक्ष बलवीर चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी नगर निकाय चुनावों में संगठन की ओर से बढ़चढ़कर प्रतिभाग करने पर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने केदारनाथ में संचालित हेली सेवाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि अनियंत्रित हेली सेवाओं के चलते केदारघाटी का आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। करोड़ों की आस्था से जुड़े केदारनाथ के धार्मिक महत्व को बचाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है। सरकार को चाहिए कि इस धार्मिक यात्रा को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी धर्माचार्यों को सौंपना चाहिए। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक युवाओं व महिलाओं को सगंठन से जोड़ने पर चर्चा की गई। साथ ही जल्द से जल्द जिला कार्यकारिणी के विस्तार करने की बात कही गई। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष डा. आशुतोष भंडारी, दीप प्रकाश भट्ट, कल्याण सिंह पुंडीर, पृथ्वीपाल रावत, अशोक चौधरी, विक्रम सिंह फरस्वाण समेत पार्टी संगठन से जुड़े अन्य मौजूद थे।

## पुलिस ने यात्री का खोया मोबाइल लौटाया

रुद्रप्रयाग। आपरेशन मुस्कान में पुलिस ने बिहार राज्य के एक यात्री का खोया हुआ मोबाइल फोन ढूंढकर संबंधित यात्री को लौटा दिया। इससे यात्री के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। मोबाइल सुरक्षित वापस पाकर श्रद्धालु ने पुलिस का आभार प्रकट किया। यात्रा पर आए श्रद्धालु हिमांशु मिश्रा निवासी सासाराम बिहार ने चौकी गौरीकुंड में पहुंचकर बताया कि उनका मोबाइल जंगलचट्टी से गौरीकुंड के बीच कहीं गिर गया है। चौकी गौरीकुंड में नियुक्त आरक्षी अर्जुन सिंह के प्रयासों से श्रद्धालु का मोबाइल फोन ढूंढकर वापस लौटाया गया है। मोबाइल सुरक्षित वापस पाकर श्रद्धालु ने जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस का आभार प्रकट किया गया है।

## केदारनाथ और गौरीकुंड में हुई बारिश

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ में रविवार को दोपहर बाद बारिश हुई, जबकि पैदल मार्ग में भी बारिश हुई। केदारनाथ आस्था पथ पर यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं से उन्हें बारिश में नहीं भीगना पड़ा, इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। हालांकि पैदल मार्ग में यात्रियों को बारिश से परेशानियां जरूर हो रही है। रविवार सुबह केदारनाथ में बादल लगे थे। केदारनाथ मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही आस्था पथ में लाइन लग गई। यहां रेन सेल्टर की सुविधा होने से इस बार यात्रियों को बारिश से राहत मिल रही है। दोपहर बाद केदारनाथ में मौसम बदल गया। शाम 4 बजे से बारिश शुरू हुई। इससे यहां ठंड भी होने लगी। गौरीकुंड से केदारनाथ आने वाले यात्रियों को भी बारिश से मुश्किलें उठानी पड़ी। इधर, शाम 3 से 5 बजे तक मंदिर की सफाई और भोग व्यवस्था की गई। इस दौरान मंदिर में दर्शन नहीं हो पाए। इसके बाद 5 बजे दोबारा यात्रियों के लिए मंदिर खोला गया। केदारनाथ में दर्शनों के लिए यात्रियों का सैलाब उमड़ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पोस्टर और प्रश्नोत्तरी में डॉ. अलका गुप्ता अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल( आरएनएस )। राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडोटोरियम में शनिवार को एक दिवसीय डर्मेटोपैथोलॉजी पर सीएमई का आयोजन किया गया। जिसमें देश व प्रदेश भर के विभिन्न अस्पतालों से विषय विशेषज्ञ ने डर्मेटोपैथोलॉजी में किये गये शोध कार्यां पर चर्चा करते हुए उन्हें त्वचा रोगों और उनके निदान के लिए बेहतर से बेहतर कार्य मरीज हित में करने का आह्वान किया गया।सीएमई में पीजी छात्रों ने पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से भी डर्मेटोपैथोलॉजी पर अपने शोध कार्य दर्शाए। पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डॉ. अलका गुप्ता ने प्रथम, डॉ. मोहम्मद आशिफ सिद्दक्की ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. सीएमएस रावत ने कहा कि ऐसे ऐकेडमिक कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज में होने से चिकित्सालय मे आने वाले लोगों की चिकित्सा सेवा में लाभ मिलेगा। प्राचार्य ने कहा कि ऐसी सीएमई से चिकित्सा शिक्षा के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही चिकित्सा सेवा अपडेट रहती है। इससे नये ज्ञान व कौशल मे गुणात्मक सुधार होता है, जो मरीजों के हित है। प्रो. रावत ने कहा कि सीएमई के आयोजन से अन्य पीजी छात्रों के शोध कार्यों में बढ़ावा मिलता है और गुणवत्तापरक शोध कार्य होता है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने कहा कि चिकित्सा सेवा में इस तरह की सीएमई के लिए महत्वपूर्ण रोल होता है और इस तरह के आयोजन से चिकित्सक और रोगविज्ञानी रोगी देखभाल के लिए मिलकर काम करते हैं। इस मौके पर आर्गेनाइजिंग चेयरमैन एवं पैथोलॉजी विभाग एचओडी प्रो. गजाला रिजवी, माइक्रोबायोलॉजी विभाग की एचओडी डॉ. विनिता रावत, ब्लड़ बैंक प्रभारी डॉ. सतीश कुमार, डॉ. दीपा हटवाल, डॉ. शीला चौधरी, डॉ. सचान भट्ट, डॉ. पवन भट्ट, डॉ. वरुण प्रसाद, डॉ निरंजन गुंजन कुमार, डॉ.रिचा, डॉ. अनिल द्विवेदी सहित मौजूद थे।

### घरों में नलों से पहुंच रहा गंदा पानी, बीमारी की आशंका बढ़ी

श्रीनगर गढ़वाल( आरएनएस )। विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत ग्राम रानीहाट-नैथाणा में गंदे पानी की आपूर्ति होने से ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीण ट्यूबवेल और हैंडपंप का पानी पीने को मजूबर हैं। पूर्व ग्राम प्रधान नैथाणा मेघा रावत, ग्राम प्रधान रानीहाट-नैथाणा मनोज जोशी, शीला देवी, मंजू देवी, संजय मेवाड़ कल्पेश्वरी देवी ने कहा कि विगत एक हफ्ते से नलों में मटमैले पानी की आपूर्ति हो रही है, जो पीने के योग्य नहीं है। कहा कि विभाग द्वारा बिना फिल्टर के पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिससे गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। साथ ही पेयजल आपूर्ति नियमित न होने से ग्रामीणों को हैडपंप और ट्यूबवेल का सहारा लेना पड़ता है। कहा कि इस संदर्भ में पूर्व में भी विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया है, मगर समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि रानीहाट को जाने वाली मुख्य पाइप लाइन से अवैध रूप से ग्राम सभा देवली को भी पेयजल कनेक्शन दिये गये हैं। कहा कि फीटर होने के बावजूद भी पानी वितरण का कार्य महिलाएं कर रही हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जल्द पेयजल समस्या हल करने की मांग की है। उधर, जल संस्थान कीर्तिनगर के अपर सहायक अभियंता राहुल कोटियाल ने बताया कि गंदे पानी की समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा। देवली गांव के पेयजल कनेक्शनों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है, जो एक दो दिनों के भीतर हटवा दिए जाएंगे।

### केदारनाथ की यात्रा पर पूरी तैयारी के साथ आएं तीर्थयात्री

रुद्रप्रयाग( आरएनएस )। केदारनाथ धाम में पल-पल बदलते मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन ने देश-विदेश के तीर्थयात्रियों से पूरी तैयारी के साथ यात्रा पर आने का आह्वान किया है। ताकि उन्हें पैदल मार्ग के साथ ही धाम में बारिश, ठंड से दिक्कतों का सामना न करना पड़े। केदारनाथ का मौसम कब बदल जाए, इसको लेकर कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। कपाट खुलने के दूसरे दिन से ही यहां बारिश होनी शुरू हो गई। बीती शाम को भी बारिश हुई, जबकि रविवार को भी बादल लगे रहे और शाम को बारिश की संभावना बनी रही। ऐसे में यात्रियों को खराब मौसम के बीच दिक्कतें न हो, इसके लिए प्रशासन ने यात्रियों से पूरी तैयारी के साथ यात्रा पर आने का आह्वान किया है। विशेषरूप से बुर्जुग यात्री इसका पूरा खयाल रखें।

# SSP लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में चारधाम यात्रा को सफल बनाने के लिए पौड़ी पुलिस तयार









न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 13 मई : चारधाम यात्रा की यातायात व सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखने स्वयं ग्राउंड जीरो पर पहुँचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह, अधीनस्थों को दिए आवश्यक निर्देश। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी चारधाम यात्रा में यात्रियों की काफी संख्या में आने की सम्भावना है, पौड़ी पुलिस की तैयारियों को परखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद के श्रीनगर क्षेत्रान्तर्गत चार धाम यात्रा रुट कीर्ति नगर पुल से सिरोबगड़ व वैकल्पिक मार्ग पौड़ी चुंगी बुगाणी- खिर्सू का जायजा लेते हुये अधीनस्थ कार्मिकों को निम्न आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत कस्बा श्रीनगर महत्वपूर्ण क्षेत्र है जहाँ पर यातायात व्यवस्था सुगम बनाने हेतु सभी कार्मिकों को तत्परता व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करने व यात्रियों के साथ मधुर एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर को श्रीनगर क्षेत्र में लगे सी.सी.टी.वी कैमरों को 24 घण्टे थाने से भी मॉनेटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

यात्रियों की मदद हेतु सम्पूर्ण यात्रा मार्ग पर अस्थाई चौकियां व पुलिस पर्यटन सहायता केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें नियुक्त प्रशिक्षण प्राप्त पुलिस कर्मी 24 घण्टे यात्रियों की सहायता हेतु तत्पर रहेंगे। प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर को नेशनल हाइवे पर मोटर मैकेनिक से जुड़े कारोबारियों को रिपेयर करने वाले वाहनों को NH पर अनावश्यक रूप से खड़ा न करने व सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

वाहनों की संख्या बढ़ने पर प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर को और अस्थाई पार्किंग व्यवस्था बनाने हेतु निर्देशित किया।आपदा प्रबन्धन के लिए एसडीआरएफ व जल पुलिस की टीमें नियुक्त की गयी है जिनके द्वारा आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्यवाही करने व अलर्ट रहने हेतु निर्देशित किया गया। चारधाम यात्रा रूट अवरूद्ध होने पर वैकल्पिक मार्ग पौड़ी चुंगी श्रीनगर- बुगाणी- खिर्सू- खेड़ाखाल- खाँकरा- रूद्रप्रयाग में पायी गयी खामियों को सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर तुरंत दूर करने हेतु निर्देशित किया गया।

## बाजारी क्षेत्र में लंगर का व्यापारियों ने किया विरोध

रुद्रप्रयाग। केदारघाटी में बाजारी क्षेत्रों में लगाए जा रहे लंगरों का व्यापार संघ ने कड़ा विरोध किया है। व्यापार संघ ने कहा कि पैदल मार्ग में जहां सुविधा नहीं है या फिर ऐसे स्थान जहां यात्रियों को लंगर की जरूरत है वहां लंगर लगाएं जाए, बाजारी क्षेत्रों में लंगर लगाना व्यापारियों के हितों पर हमला करना है। जल्द ही व्यापार संघ जिलाधिकारी से वार्ता कर इस समस्या को खत्म करवाएगा। उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अंकुर खन्ना ने केदारघाटी के व्यापारियों को जानकारी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा केदारघाटी में गौरीकुंड से लेकर गुप्तकाशी तक बाजारी क्षेत्र पर जहां-जहां भी लंगर लगाए हैं, उनसे विरोध को लेकर अपर जिलाधिकारी से कुछ दिन पहले वार्ता हुई थी। अपर जिलाधिकारी को इन लंगरों को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की गई थी, जबकि प्रशासन द्वारा अन्यत्र शिफ्ट करने का भरोसा भी दिया गया था। किंतु अभी तक यह कार्य नहीं किया गया, जबकि सोनप्रयाग बाजार में दो और लंगर खोल दिए। यह व्यापारियों के खिलाफ एक सोची समझी साजिश है, जिसका जिला उद्योग व्यापार मंडल पुरजोर विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि सोमवार को जिला उद्योग व्यापार मंडल का एक शिष्टमंडल जिलाधिकारी से वार्ता करेगा ताकि इस समस्या का समाधान निकाला जा सके। यदि व्यापारियों की मांग पर कार्यवाही नहीं हुई तो व्यापार संघ आंदोलन को मजबूर होगा। इधर, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राय सिंह बिष्ट, सोनप्रयाग अध्यक्ष अंकित गैराला ने व्यापारियों की इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है।

## घर से भागे युवक को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

रुद्रप्रयाग। घर से भागकर आए एक नाबालिग को पकड़कर पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस का आभार प्रकट करते हुए पुलिस की सराहना की है। केदारनाथ यात्रा ड्यूटी में तैनात मुख्य आरक्षी भजनवीर सिंह को एक बालक सोनप्रयाग में सड़क किनारे घूमता मिला।

## भारत-नेपाल सीमा से लगे अस्ताल में डॉक्टर नहीं

पिथौरागढ़। मूनाकोट विकासखंड के भारत नेपाल सीमा से सटे एकमात्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन साल के बांड पर रखे चिकित्सक की अवधि पूर्ण हो चुकी है। इससे महिला मरीजों की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महिला चिकित्सक ने होने से क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति रोष व्याप्त है।क्षेत्र पंचायत सदस्य राधिका चंद ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक ने होने से क्षेत्र की महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि भारतीयों के साथ ही नेपाल की सैंकड़ों महिलाएं भी उपचार के लिए एकमात्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही निर्भर हैं। महिलाएं स्वास्थ्य की जांच के लिए 30 किमी दूर जिला मुख्यालय जाने को मजबूर हैं। सामाजिक कार्यकर्ता दिवाकर भट्ट ने कहा कि यहां कानडी, बलतडी,बनाडा,गीठीगडा,अमतडी, रणवा, सीमू के लोग उपचार के लिए इसी स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर हैं।

# देहरादून में डंपर की टक्कर से स्कूटी चालक आईआरबी कांस्टेबल की मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 13 मई : देहरादून में बीती रात को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है जिसमें एक डम्पर ट्रक ने स्कूटी सवार आईआरबी के कांस्टेबल को टक्कर मार दी जिसमें उनकी जान चली गई।प्रदेश में तेज़ रफ़्तार का कहर थम नहीं रहा है जिस कारण आए दिन रोड़ एक्सीडेंट में किसी न किसी की मौत की खबर सामने आती है।

बीते दिन को देहरादून के सेलाकुई क्षेत्र में एक बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई। जिसमें एक आईआरबी के कांस्टेबल की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कल रात को रामपुर बडा गोहर से 100 मीटर आगे सेलाकुई में एक डम्पर ट्रक UK 13 CA 0970 और स्कूटी संख्या UK 07 AK 3508 की जोरदार टक्कर हुई। जिसमें कांस्टेबल नवीन राणा गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें उपचार के लिए ग्राफिक एरा अस्पताल में भर्ती किया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।नवीन राणा उम्र 32 वर्ष आईआरबी द्वितीय झांझरा में तैनात थे और वह मूल रूप से वह उत्तरकाशी के मोरी अंतर्गत बागी (मोहताड) का रहने वाले थे। दुर्घटना के बाद घटनास्थल से पुलिस ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।





## संक्षिप्त खबरें

### जाम से लोग परेशान

हल्द्वानी। रविवार को एक बार फिर जाम से लोग परेशान रहे। सुबह भीमताल, भवाली और कैंची मंदिर के आसपास जाम से स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटक परेशान रहे। रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटक नैनीताल, मुक्तेश्वर और कैंची धाम में दर्शन को पहुंचे हुए हैं।

### डीएवी में धूमधाम से मना मातृ दिवस

हल्द्वानी। डीएवी स्कूल हल्द्वानी मे. मातृ दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। शुभारंभ बच्चों द्वारा मां के प्रति प्यार और सम्मान प्रदर्शित करते हुए अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग किया। आर्ट ऑफ लिविंग की राखी पांडे औ. सेवानिवृत्त शिक्षिका ललिता शाह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई ।प्रधानाचार्य अमित जोशी ने कहा कि संसार में जितने भी रिश्ते हैं, उनमें मां का रिश्ता सबसे पवित्र और अमूल्य है।

### शांति राणा बनी पीटीए अध्यक्ष

हल्द्वानी। भीमताल ब्लॉक के रानीबाग में रविवार को शिक्षक अभिभावक समिति की बैठक राउमावि रानीबाग में आयोजित की गई। बैठक में सर्व समिति से पीटीए अध्यक्ष शांति राणा, उपाध्यक्ष नितिन आर्य, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मीना देवी को चुना गया। ग्राम प्रधान रानीबाग कलावती थापा ने सभी को बधाई दी। वहीं बैठक में संरक्षक महेश भंडारी ने सभी को शपथ दिलाई।

### बेस में सोमवार नहीं होगी दांतों की ओपीडी

हल्द्वानी। बेस अस्पताल में सोमवार को दंत रोग विभाग की ओपीडी नहीं होगी। बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. जनेश बोरा छुट्टी पर हैं। मंगलवार को निर्धारित समय पर ओपीडी होगी।

### कपाट खुलने पर किया भजन कीर्तन का आयोजन

चमोली। भगवान बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के मौके पर रविवार को गांधीनगर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने बद्रीबिशाल की आराधना कर देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। महिपाल सोनियाल, गिरीश आदि ने कहा कि बदरीनाथ के कपाट खुलने से पहले गांधीनगर के लोग प्रतिवर्ष भजन कीर्तन व जागरण का आयोजन करते हैं। यह परंपरा कई दशकों से चली आ रही है। वहीं, चारधाम यात्रा को लेकर पूरे क्षेत्र में लोग उत्साहित हैं। यात्रा शुरू होते ही ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर वाहनों की आवाजाही बढ़ने से रौनक आ गई है। साथ ही व्यापारियों और होटल व ढाबा मालिकों में उत्साह है। कपाट खुलने पर भगवान के पुण्य दर्शनों के लिए कर्णप्रयाग, सिमली, लंगासू, कालेश्वर गौचर आदि क्षेत्रों से लोग बदरीनाथ पहुंचे हैं।

### बकरी चुगाने जंगल गए व्यक्ति पर गुलदार का हमला

पौड़ी। नागदेव पौड़ी रेंज के निसणी गांव में रविवार को बकरी चुगाने जंगल गए एक व्यक्ति को गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। गुलदार के हमले से व्यक्ति के हाथ और बांह में चोटें आई हैं। घायल का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। गुलदार के हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई है। स्थानीय ग्रामीण विकास चौहान, भरत सिंह, बलवंत सिंह रावत ने बताया कि 44 वर्षीय ग्रामीण सुरेंद्र सिंह रावत और 16 वर्षीय सागर रविवार को बकरी चुगाने के लिए गांव के समीप जंगल में गए हुए थे। तभी अचानक घात लगाए गुलदार ने सुरेंद्र सिंह रावत पर हमला कर घायल कर दिया। बताया कि सुरेंद्र सिंह ने किसी तरह अपना बचाव किया। हमले में घायल सुरेंद्र सिंह रावत के हाथ व बांह में चोटें आई हैं।

# गंगा में बहा युवक, एसडीआरएफ व पुलिस की टीम तलाश में जुटी

न्यूज वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश, 13, मईकंपनी के टूर पर ऋषिकेश घूमने आए 35 लोगों लेकिन अब घर पहुंचेंगे केवल 34 लोग क्योंकि उनमें से एक युवक उस वक्त गंगा में बह गया जब सभी लोग गंगा में स्नान कर रहे थे।मेरठ का एक युवक गंगा में नहाते वक्त डूब गया, एसडीआरएफ व पुलिस की टीम तलाश में जुटी हुई है. एसडीआरएफ कविंद्र सजवान ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 600 बजे मेरठ से आए दो लोग शिवपुरी में गंगा में नहा रहे थे। मेरठ का यह युवक गंगा में नहाते समय तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया। एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश में जुट गई है। युवक के परिवार वालों को सूचित कर दिया है।

एसडीआरएफ के निरीक्षक कविंद्र सजवान ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 6:00 बजे मेरठ से आए दो लोग शिवपुरी में गंगा में नहा रहे थे। अंकुर गोयल (40 वर्ष) पुत्र सुभाष चंद्र निवासी 504 ब्रह्मपुरी शारदा नगर मेरठ गंगा में नहाते वक्त तेज बहाव की चपेट में आ गया।इस दौरान उसके साथ आए एक युवक अक्षय निवासी हमीरपुर हिमाचल जो गंगा किनारे खड़ा था ने अंकुर को बचाने की कोशिश की। मगर वह भी बहने लगा, जिसे वहां खड़े अन्य लोगों ने किसी तरह से नदी से बाहर निकाला।अंकुर गोयल का कुछ पता नहीं चल पाया।

कम्पनी के टूर पर ऋषिकेश आये थे लोग

मुनिकीरेती थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बतया कि अंकुर गोयल अपनी कंपनी के 35 अन्य साथियों के साथ शुक्रवार को होटल ग्रैंड शिवा, शिवपुरी में रुके हुए थे। अंकुर के परिवार वालों को इस दुखद हादसे की सूचना दे दी गई है। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम गंगा में बहे युवक की तलाश में जुटी है।




## प्रेमनगर में डॉ. उप्पल की याद में लगाया स्वास्थ्य शिविर

देहरादून। सरदार रंजोध सिंह हेल्थ एंड ट्रेनिंग्स इनिशिएटिव की ओर से रविवार को स्व. डॉ. गुरमुख सिंह उप्पल की याद में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा विंग पांच प्रेम नगर में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 56 मरीजों को परामर्श देकर उनकी बीपी, शुगर, ईसीजी, ऑक्सीजन सैचुरेशन की जांच की गई। एमएस मेडिकोज की ओर से मुफ्त दवाएं दी गई। फिजिशियन एवं दंत चिकित्सक ने मरीजों का स्वास्थ्य जांचा। इस दौरान संस्था अध्यक्ष डॉ. नवजोत सिंह, सचिव जसलीन कौर, डॉ. योगेश्वरी कृष्णन, डॉ. अमनदीप उप्पल, डॉ. राजदीप बिंद्रा, कुलविंदर सिंह, अंश भार्गव, आईशा, जोयदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारियों लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

देहरादून। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से नर्सिंग अधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं ने समां बांधा। 20 से अधिक वर्षों से लगातार सेवाएं दे रहीं वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी गुरप्रीत कौर, पूर्णिमा, शारदा, प्रेमलता, सोनम को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 500 से अधिक नर्सिंग स्टाफ ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के चेयरमैन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने सभी नर्सिंग स्टाफ को बधाई व शुभकामनाएं दी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय पंडिता, डॉ. गौरव रतूड़ी, नर्सिंग अधीक्षक अनीष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। सिस्टर एंजिल व सिस्टर आराधना ने स्वागत किया। सिस्टर अक्षिता ने कृष्ण वन्दना के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी। एजनस एण्ड ग्रुप के मैशअप ग्रुप डांस को दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। एलन के सोलन डांस ने भरपूर तालियां बटोरीं। सिस्टर तेंजिंग के सोलो डांस एवं साक्षी के क्लासिकल डांस ने दर्शकों को स्तब्ध कर दिया। निकिता एंड ग्रुप ने पंजाबी एवं बालीवुड धुनों पर जोरदार प्रस्तुति दी। तिब्बतन पारंपरिक डांस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। पल्लवी, मिनी, अंकित एण्ड ग्रुप एवं प्रियंका के सोलो डांस को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस दौरान डिप्टी नर्सिंग अधीक्षक विशाल राज एवं डिप्टी नर्सिंग अधीक्षक गुरप्रीत कौर, अंजु बाला, एएनएस अर्चना राय, डीएनएस शैली पॉल, सिजा, ब्रदर एल्डो, जोयना सोनी आदि मौजूद रहे।

## 500 रुपये के नकली नोट चला रहा आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। 500 रुपये के नकली नोट बाजार में चला रहे आरोपी को आईएसबीटी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से दो नकली नोट बरामद किए गए हैं। आईएसबीटी चौकी इंचार्ज विजय प्रताप राही ने बताया कि रविवार सुबह करीब पांच एमडीडीए फ्लैट की तरफ जाने वाली रोड पर एक दुकान पर नकली नोट चलाने वाले आरोपी का पता लगा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर इसे लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। आरोपी की पहचान अमित अग्रवाल उम्र 45 वर्ष निवासी मंडी कोटला, चांदपुर, जिला बिजनौर यूपी के रूप में हुई। आरोपी से 500 रुपए के दो नकली नोट बरामद किए गए।

## स्टडी सेंटर में विद्यार्थियों को दी कार्यक्रमों की जानकारी

हल्द्वानी। एमबीपीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र स्टडी सेंटर में रविवार को नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीटिंग आयोजित की गई। विद्यार्थियों को विवि के संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इग्नू समर्थ पोर्टल के माध्यम से एडमिशन/रजिस्ट्रेशन, पुनः पंजीकरण, ऑनलाइन असाइनमेंट करने, वीडियो लेक्चर, ई-कंटेंट की स्टडी करने, ग्रीवान्स सेल पोर्टल, परीक्षा आवेदन फार्म भरने आदि की जानकारी दी गई। इंडक्शन मीटिंग ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में हुई। मुख्य अतिथि वक्ता क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी और डॉ. राजीव कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। इससे पूर्व शुभारंभ इग्नू स्टडी सेंटर के समन्वयक डॉ. कमरुद्दीन ने किया। यहां डॉ. उर्वशी पांडे, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रेखा जोशी, शेखर कुमार, डॉ. नवल किशोर लोहनी, देवराम, गिरीश जोशी, एचके जोशी आदि रहे।

## एमबी और महिला कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे परीक्षा नियंत्रक

हल्द्वानी। कुमाऊं विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा ने रविवार को एमबीपीजी और महिला डिग्री कॉलेज में चल रही परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षार्थियों द्वारा भरी गई ओएमआर शीट का अवलोकन किया। प्रत्येक जानकारी सही भरने को कहा। एमबीपीजी कॉलेज में रविवार को सुबह की पाली में स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर की रसायन विज्ञान व कंप्यूटर विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 556 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, सात गैरहाजिर रहे। इस बीच विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा निरीक्षण करने पहुंचे। कक्ष निरीक्षकों से वार्ता की और रविवार को अवकाश के दिन भी परीक्षा में सहयोग करने के लिए कॉलेज स्टाफ की सराहना की। शाम की पाली में स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर विज्ञान वर्ग व वाणिज्य वर्ग की परीक्षा हुई। दोनों में 253 उपस्थित व पांच परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसके बाद परीक्षा नियंत्रक ने महिला डिग्री कॉलेज में भी परीक्षा का निरीक्षण किया। बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर रसायन विज्ञान के परीक्षार्थियों को उन्होंने ओएमआर शीट में अपनी सूचना सावधानी पूर्वक भरने को कहा। कॉलेज के परीक्षा प्रभारी प्रो. एके श्रीवास्तव ने छात्राओं को परीक्षा के दौरान आ रही समस्याओं के संबंध में परीक्षा नियंत्रक को अवगत कराया। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि महाविद्यालय में 30 मार्च से वार्षिक पद्धति के तहत व छह मई से एनईपी के तहत परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। यहां डॉ. फकीर सिंह, डॉ. रितुराज पंत, डॉ. कुलदीप रस्तोगी, प्रो. नरेंद्र कुमार, डॉ. दिनेश जोशी, बालम सिंह, मनोज कुमार, चंद्र शेखर आदि रहे।

## बाल वनिता आश्रम के बच्चों के साथ मनाया मदर्स डे

देहरादून। उत्तरांचल महिला एसोसिएशन (उमा) की ओर से रविवार को तिलक रोड स्थित बाल वनिता आश्रम के बच्चों के साथ मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर एक गीत प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना, उमा की अध्यक्ष अध्यक्ष साधना शर्मा, समाज सेवी वीना गुप्ता, सोनिया श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद प्राचीन डांस एकेडमी की निदेशक कत्थक गुरु प्राची ध्यानी और उनकी शिष्याओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद साधना शर्मा की सासू मां व डॉ संजीव शर्मा की माता स्व रमा शर्मा की स्मृति में पिछले एक माह से चली आ रही मां के नाम एक गीत प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसमें रेनू सिंहल व प्रतिमा मोहन प्रथम, ऋद्धा कुकरेती व अंजलि गर्ग द्वितीय, संगीता लखेड़ा और सुमन डोभाल तृतीय स्थान पर रहीं। उमा अध्यक्ष साधना शर्मा ने कहा उमा पिछले 23 वर्षो से शहर के विभिन्न आश्रमों में जाकर मदर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। मुख्य अतिथि डॉ गीता खन्ना ने कहा दुनिया में मां से बढ़कर कोई रिश्ता नहीं। कार्यक्रम का संचालन अर्चना शर्मा ने किया। इस दौरान विभा आचार्य, अंजना वाही, रीना आनंद, रानी भोला, अलका अग्रवाल, आर्ची कुनाल, पल्लवी कुकरेती बलूनी, मेनका बहल, पुष्पा भल्ला, कृष्णा जायसवाल, नमृता वर्मा, कल्पना जोशी, पायल विष्ट, ऋतु भाटिया, स्वाति सर्जन, आनंद मधु गुप्ता, वंदना भट्ट, आदि मौजूद रहीं।

## बाल वनिता आश्रम के बच्चों के साथ मनाया मदर्स डे

देहरादून। उत्तरांचल महिला एसोसिएशन (उमा) की ओर से रविवार को तिलक रोड स्थित बाल वनिता आश्रम के बच्चों के साथ मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर एक गीत प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना, उमा की अध्यक्ष अध्यक्ष साधना शर्मा, समाज सेवी वीना गुप्ता, सोनिया श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद प्राचीन डांस एकेडमी की निदेशक कत्थक गुरु प्राची ध्यानी और उनकी शिष्याओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद साधना शर्मा की सासू मां व डॉ संजीव शर्मा की माता स्व रमा शर्मा की स्मृति में पिछले एक माह से चली आ रही मां के नाम एक गीत प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसमें रेनू सिंहल व प्रतिमा मोहन प्रथम, ऋद्धा कुकरेती व अंजलि गर्ग द्वितीय, संगीता लखेड़ा और सुमन डोभाल तृतीय स्थान पर रहीं। उमा अध्यक्ष साधना शर्मा ने कहा उमा पिछले 23 वर्षो से शहर के विभिन्न आश्रमों में जाकर मदर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सेहत से खिलवाड़, नलों में आ रहा अशुद्ध पेयजल

अल्मोड़ा। सीजन की पहली बड़ी बारिश ने जल संस्थान की पेयजलापूर्ति इंतजामों की पोल खोल दी है। पहले दो दिन नगर की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। गत शनिवार से अपर्याप्त पेयजलापूर्ति हो रही है, तो नई मुसीबत आन पड़ी है। पेयजल के नाम पर गंदा मटमैला व दुर्गंधयुक्त पानी सप्लाई हो रहा है। इस पानी को पीना तो दूर, इससे नहाने में भी लोग संकोच कर रहे हैं। यही नहीं इसके इस्तेमाल से लोगों के सेहत पर विपरीत असर पड़ने का अंदेशा उभर आया है। पानी की सप्लाई समय पर सुचारु नहीं होने पर इस बार भी कारण बारिश से कोसी नदी में गाद व सिल्ट आने से पंपों से पंपिंग नहीं होना बताया गया। पिछले कई सालों से बरसात में जल संस्थान यही वजह बताते आ रहा है। गुरुवार शाम से नगर की पेयजल आपूर्ति में आई आफत चौथे दिन भी दूर नहीं हो सकी। बताया गया है कि जोरदार बारिश के बाद कोसी नदी के बहाव में काफी मलबा व गंदगी बहकर आया। इससे कोसी नदी में स्थापित पंपों में गाद व सिल्ट भर गई। जिससे पंपों ने काम करना बंद कर दिया और उन्हें बंद कर दिया गया। इससे गुरुवार शाम से ही पेयजलापूर्ति ठप रही। इसके बाद गत शनिवार को आधी-अधूरी पेयजल आपूर्ति हो सकी और आज रविवार को भी अपर्याप्त आपूर्ति हुई। जैसे तैसे पानी तो आया, लेकिन यह पानी बेहद गंदा व बदबूदार है। जिसे पीना तो दूर लोग इस जल से नहाने में भी संकोच कर रहे हैं। सम्भावना है कि इस पानी से स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं उत्पन्न हो जाय। लेकिन जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का जिम्मेदार जल संस्थान को लोगों के सेहत की कोई चिंता नहीं है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बैठक में नगर की समस्याएं रही मुद्दा

अल्मोड़ा। सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति ने अल्मोड़ा नगर की समस्याओं पर चिंता जताई है। समिति की बैठक में चर्चा के साथ ही इन समस्याओं के निदान की पुरजोर मांग उठाई गई। बैठक में जाखनदेवी सड़क में सीवर लाइन बिछाने और सुधारीकरण कार्य में देरी पर नाराजगी जाहिर की गई। साथ ही कहा गया कि सड़क पर चल रहे कार्य के चलते कलवर्टों को मिट्टी पत्थरों से भर दिए जाने से बारिश में समस्या पैदा हो गई है। बैठक में नगर में किन्नरों की मनमानी को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा गया कि उनके द्वारा घर-घर में बच्चे के जन्म व शादी ब्याह के वक्त मनमानी धनराशि मांगी जा रही है। इसके लिए रेट निर्धारित होना चाहिए। इसके अलावा नगर में वरिष्ठ नागरिकों व पर्यटकों के बैठने के लिए व्यवस्था, रसोई गैस की होम डिलीवरी, नगर के कर्बला, धारानौला व पांडेखोला सड़क मार्गों में ई-रिक्शा संचालित करने तथा चीनाखान क्षेत्र में अराजकता पर लगाम लगाने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डॉ पीसी जोशी व संचालन सचिव आरपी जोशी ने किया। जिसमें हरीश लाल गंगा सिंह, एमबी साह, एमडी कांडपाल, एनसी जोशी, एएस कार्की, मोहन सिंह रावत, मोहन चंद्र पांडे, गणेश सिंह बिष्ट, विशन सिंह बिष्ट, रमेश चंद्र पंत आदि ने विचार रखे।

### दूषित पेयजल की आपूर्ति पर जताया रोष

अल्मोड़ा। डे केयर संस्था अल्मोड़ा द्वारा वर्तमान में गन्दे पानी की आपूर्ति करने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। अल्मोड़ा में कोसी नदी में निर्मित जलाशय से पानी की आपूर्ति की जाती है। पिछले दिनों सोमेश्वर क्षेत्र में भारी वर्षा हुई। वर्षा के पानी के साथ जंगलों के जलने की राख सहित गन्दगी नदी में पहुँच गई। यही पानी जल संस्थान द्वारा पम्पों के माध्यम से अल्मोड़ा में आपूर्ति की गया है यह पानी बहुत ही गन्दा एवं बदबूदार है जिसे पीना तो दूर हाथ धोना भी मुश्किल हो गया। बिना पानी साफ किये बिना दवा मिलाए पेयजल आपूर्ति करने पर सीनियर्स की संस्था डे केयर के सदस्यों द्वारा रोष व्यक्त किया है। आशंका व्यक्त की है इस प्रकार के पानी से जनता के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। संस्था ने मांग की है कि शुद्ध साफ पानी की आपूर्ति की जाय। यहाँ डे केयर संस्था अध्यक्ष हेम चन्द जोशी, एम सी काण्डपाल, चन्द्रमणि भट्ट, डॉ अरुण पंत, आनन्द सिंह बगडवाल, डॉ गोकुल रावत, डॉ जे सी दुर्गा पाल, गिरीश जोशी सहित अनेक वरिष्ठ नागरिक वर्चुअल बैठक में शामिल रहे।


### बंदरों के हमले में महिला घायल

अल्मोड़ा। जनपद में इन दिनों जिला मुख्यालय से लेकर गांवों तक बंदरों ने आतंक मचाया हुआ है। जिले के द्वाराहाट क्षेत्र में विद्यापुर में बंदरों ने हमला कर एक महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया, इससे पूरे क्षेत्र में दहशत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यापुर निवासी रज्जू उपाध्याय पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। इस घटना में उनके शरीर पर गहरे घाव हुए हैं। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। पीड़िता के पुत्र पंकज ने रेंजर को ज्ञापन देकर बंदरों से निजात दिलाने की मांग की है। वहीं रेंजर मदन लाल ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है, इस पर उचित कार्रवाई होगी।

# टालमटोल की आदत आपको बना देगी कमजोर, रिसर्च

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 13 मई : टालमटोल की आदत से लोगों के रिश्ते बिगड़ रहे हैं। नींद प्रभावित हो रही है। ऐसे लोग अकेला महसूस करते हैं। अवसाद का शिकार हो रहे हैं। स्टाकहोम सहित अन्य 8 यूनिवर्सिटी के छात्रों पर हुए एक शोध में हाल ही यह बातें सामने आई है। शोध के मुताबिक, यूनिवर्सिटी छात्रों के पास स्वतंत्रता बहुत है, लेकिन टालमटोल करने की आदत के चलते 50% छात्रों की शिक्षा प्रभावित होती है। यह आदत अक्सर एक अच्छे इंसान के व्यक्तित्व और उसके जिन्दगी की कामयाबियों को खत्म कर देती है।



एक अन्य शोध में सामने आया कि टालमटोल की आदत से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। जो लोग टालमटोल करते हैं उनमें उच्च स्तर का तनाव होने का जोखिम ज्यादा होता है। इससे आत्मविश्वास में भी कमी होती है।जामा नेटवर्क ओपन में प्रकाशित इस अध्ययन के लिए 3,525 छात्रों में से 2,587 से नौ माह तक सवालों का उत्तर पूछा गया। इसके जवाब देते समय कई स्वास्थ्य संबंधी जांचे भी की गई। इस दौरान सामने आया कि टालमटोल करने वाले छात्रों के कंधे बाहों में दर्द, खराब नींद की गुणवत्ता, अधिक अकेलापन, और अधिक वित्तीय कठिनाइयों की अधिक संभावना रही। हालांकि अच्छी बात को सुधारा भी जा सकता है। दिनचर्या में छोटे बदलावों का भी बड़ा असर होता है। जैसे कुछ समय मोबाइल बंद कर अपने आप को समय देना। स्वयं के लिए समय निकालना। इसके पीछे की वजह तलाश करना कि आप टालमटोल क्यों कर रहे हैं।

# खुशी के लिए ये चीजें सबसे कीमती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 13 मई : क्या खुशियों का कोई फार्मूला है.क्या उसका कोई पता है? इन दो मुश्किल सवालों का जवाब है आपका मन। खुशी आपके मन में है, उसे बाहर नहीं अंदर तलाशने की जरूरत है।



हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के मनोविज्ञान के प्रोफेसर का कहना है कि कभी सोचा है कि किसी की घोर प्रशंसा महज एक आलोचना करने से क्यों बेकार हो जाती है? अच्छी-भली शानदार लंबी छुट्टियों का मजा आखिरी दिन किसी छोटी-सी बात पर हुए झगड़े से क्यों बर्बाद हो जाता है? खाने के आसपास मंडराती एक मक्खी क्यों बेहतरीन से बेहतरीन खाने का आनंद छीन लेती है? इसकी वजह ये है कि हमारा दिमाग नकारात्मक चीजों को जल्दी नोटिस करता है।

इसका समाधान ये है कि कृतज्ञता जताएं। रोज कोई तीन चीजें लिखें, जिसके लिए आप शुक्रगुजार हैं। इससे आप जिंदगी की सकारात्मक चीजों पर फोकस करने लगेंगे। फिर भी लगे कि जिंदगी में कुछ सकारात्मक है ही नहीं तो 'काउंटरफैक्चुअल थिंकिंग' अपनाएं। इसके लिए 'अगर ये न हो तो' फॉर्मूले का सहारा लें। इसमें आपको खुद से ऐसी चीजें पूछनी हैं, जैसे- अगर सबसे अच्छा दोस्त आपके पास न होता तो? अगर खाने को कुछ नहीं मिलता तो? ऐसे आप महसूस करेंगे कि आपके पास शुक्रिया कहने के लिए कितनी सारी चीजें हैं? हम उन दिनों के लिए कभी शुक्रगुजार नहीं होते, जब बीमार या दर्द में नहीं होते। उन रातों के लिए कभी धन्यवाद नहीं कहते, जब बारिश में सिर पर छत होती है। उन सुबहों के लिए आभार नहीं जताते, जो जिंदगी में नया दिन लाती हैं।

येल यूनिवर्सिटी की मनोवैज्ञानिक लौरी सैंटोस जो साइंस ऑफ हैप्पीनेस पढ़ाती हैं। उनका कहना है कि बच्चों को खुशी का पाठ पढ़ाते-पढ़ाते कब मैं बर्नआउट (काम के तनाव का शिकार) हो गई, पता नहीं चला। उदासी, चिड़चिड़ापन और थकावट जैसे लक्षण दिखने लगे। मैंने ब्रेक लिया और पति के साथ कैम्ब्रिज शिफ्ट हो गई। अगर आप ये सोच रहे हैं कि हैप्पीनेस की प्रोफेसर होने के बावजूद मैं कैसे वर्कआउट हो गई, तो बता दूं कि आप क्या करते हैं? उससे इसका कोई लेना-देना नहीं है। कोई भी वर्कआउट हो सकता है।

## हरिद्वार ट्रेवल्स एसोसिएशन ने चारधाम यात्रा के लिए प्रतिदिन मांगे सौ स्लॉट

हरिद्वार। हरिद्वार ट्रेवल्स एसोसिएशन ने रविवार को बैठक कर रजिस्टर्ड ट्रेवल कारोबारियों को प्रतिदिन चारधाम के लिए सौ स्लॉट देने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश पालीवाल ने कहा कि सरकार को सीमित संख्या को खत्म करना चाहिए। लेकिन जब तक यह सीमित संख्या लागू है तब तक उत्तराखंड टूरिज्म डवलपमेंट बोर्ड रजिस्टर्ड लोकल एजेंट एवं जीएसटी नंबर वाले एजेंट को स्लॉट दिए जाएं। हरिद्वार ट्रेवल्स एसोसिएशन ने बैठक कर रजिस्टर्ड ट्रेवल व्यावसायियों को रोजाना सौ स्लॉट उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। उमेश पालीवाल ने कहा कि इस प्रक्रिया का लाभ यात्रियों एवं प्रशासन भी मिलेगा। एक तरफ जहां दूसरे राज्यों से आने वाले यात्रियों को आसानी से रजिस्ट्रेशन की सुविधा मिल पाएगी। वहीं प्रशासन द्वारा लगाए गए रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भीड़ का दबाव कम होगा। इससे हम चारधाम कारोबारियों के व्यवसाय में भी इजाफा होगा। कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था से सभी को ही सहुलियत मिलेगी। बैठक में धर्मेंद्र मिश्रा, गोपाल, बबलू ठाकुर, शंभु सिंह, नंदकिशोर, दीपक चौधरी आदि मौजूद रहे।

## युवक को सरेराह पीटा

हरिद्वार। क्षेत्र में रविवार को एक युवक की पिटाई कर दी गई। पीड़ित युवक ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में आशुतोष पुत्र अशोक वर्मा निवासी गाडगढ़ी पुरल्ला शामली हाल निवासी आनंदम ने बताया कि शनिवार को कार से शांतरशाह की तरफ जा रहा था। आरोप है कि उसे सरेराह रोककर पीटा गया। एसओ नरेश राठौड़ ने बताया कि आरोपी रमन सैनी, विशाल सैनी, आकाश सैनी निवासी शांतरशाह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रतियोगिता में सागवान हाउस रहा अव्वल

हरिद्वार। रोशनाबाद स्थित राजकीय नर्सिंग स्कूल में रविवार को प्रधानाचार्या आशा थापा की अध्यक्षता में जीएनएम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं ने मरीजों की देखभाल को पूरी लगन से करने की शपथ ली। साथ ही नर्सिंग कॉलेज में मनाए जा रहे नर्सेज वीक में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आरवी सिंह ने कहा कि जिस शपथ को आप ले रहे हैं। उसको अपने कार्यों एवं जीवन में शामिल करेंगे तभी आप सफल होंगे। प्रतियोगिता में सागवान हाउस अव्वल रहा। जबकि दूसरे स्थान पर बुरांश हाउस और तीसरे स्थान पर कस्तूरी हाउस के छात्र-छात्राएं रहे। राजकीय नर्सिंग स्कूल को प्रधानाचार्य आशा थापा ने हाउस कैपटन मोहन, अभय और सौरभ नौटियाल को पुरस्कृत किया। छात्र-छात्राओं को शपथ ग्रहण की बधाई देते हुए अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ते रहने की

## संक्षिप्त खबरें

### बेस अस्पताल में मनाया नर्सिंग दिवस

अल्मोड़ा। मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध बेस अस्पताल में रविवार को नर्सिंग दिवस मनाया गया। मौके पर फ्लोरेंस नाइटेंगल को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। नर्सिंग अधिकारियों ने आईसीयू, पीआईसीयू, एनआईसीयू, इमरजेंसी वार्ड आदि में जाकर मरीजों का हालचाल जाना। साथ ही स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां भी दी। यहां एलिंग नर्सिंग फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष गौरव कुमार, सचिव अमनदीप बनकोटी, एनएस माहेश्वरी आर्या, मीना आनंद, रजनी यादव, एकता, वंदना, रेखा फुलोरिया, महाश्वरी गैड़ा, अमृता, ललिता सांगा आदि रहीं।

### जौलकांडे की नेहा लोहुमी बनी नर्सिंग लेफ्टिनेंट

बागेश्वर। विकास खंड के जौलकांडे गांव की नैना लोहुमी ने मिलिट्री नर्सिंग सर्विसेज की परीक्षा पास की है। उनकी तैनाती नर्सिंग लेफ्टिनेंट पद पर होगी। उनकी इस सफलता पर गांव में खुशी का माहौल है।जौलकांडे के डूंगाधारा तोक निवासी नवीन चंद्र लोहुमी व दुर्गा लोहुमी की पुत्री नेहा लोहुमी ने नर्सिंग लेफ्टिनेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। नेहा बचपन से ही कुशाग्र थी। नेहा ने प्रारंभिक शिक्षा गांव में रहकर ही की तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा विवेकानंद इंटर कॉलेज मंडलसेरा से उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने बरेली से जेएनएम व पोस्ट नर्सिंग बीएससी किया। इसके पश्चात कुछ माह तक परीक्षा की तैयारी की। उन्होंने गत दिवस मिलिट्री नर्सिंग सर्विसेज की परीक्षा पास की है। नेहा के पिता नवीन लोहुमी पूर्व सैनिक हैं तथा वर्तमान में कूर्मांचल बैंक में अभिकर्ता हैं तथा माता गृहिणी है। उनकी इस उपलब्धि पर नंदा बल्लभ लोहुमी, बसंत लोहुमी, महेंद्र लोहुमी, जीवन लोहुमी, कैलाश लोहुमी, विनोद लोहुमी, अशोक लोहुमी, मनोज लोहुमी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### रंगकर्मी दानू ने ग्रामीणों को किया जागरूक

बागेश्वर। रंगकर्मी किशन सिंह दानू ने जौलकांडे के ग्रामीणों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को वनों को आग से बचाने व बरसात में पौध रोपण करने की अपील की।रंगकर्मी किशन सिंह दानू ने जौलकांडे, लेटी, धुंआधारा का भ्रमण किया व जन गीतों के माध्यम से लोगों को वनों के प्रति जागरूक किया। जौलकांडे में आयोजित नुक्कड़ सभा में उन्होंने गीतों व नृत्य के माध्यम से जनता को वनों की सुरक्षा के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अभी मानसून आने तक वनों में आग का खतरा है इसलिए जनता सावधानी बरते साथ ही उन्होंने मानसून सत्र में पौधरोपण करने के लिए अभी से गडढे बनाने की तैयारी करने को कहा ताकि पौध जीवित रहे। इस दौरान वन कर्मी रमेश चंद्र बलसूनी ने भी वनों के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रिया उप्रेती, उप प्रधान नैना लोहुमी, लक्ष्मी दत्त बलसूनी, मुन्ना बलसूनी, दरवान सिंह बिष्ट, कमला देवी, हेमंत बलसूनी, कैलाश चंद्र, बालम सिंह बिष्ट आदि उपस्थित थे।

### मजदूरों की सुरक्षा खान मालिकों की जिम्मेदारीः अहमद

बागेश्वर। खान सुरक्षा महानिर्देशालय गाजियाबाद क्षेत्र श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन अल्मोड़ा मेग्नेसाइट के द्वारा किया जा रहा है। स्थानीय होटल में आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी डायरेक्टर माइन सेफ्टी मुख्तार अहमद ने खान में सुरक्षा की लेकर सभी खान संचालको और वहा कार्यकर्त कर्मचारियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खानों में काम करने वाले हर मजदूर के सुरक्षा की जिम्मेदारी खान मालिकों की होगी। हर मजूदर का बीमा हर हाल में हो। साथ ही केसे अपने उत्पादन को कैसे बढ़ाया जा सकता है इसकी भी जानकारी दी। इस दौरान ललित कांडपाल महाप्रबंधक अल्मोडा मेग्नेसैट, सतीश कुमार, महेंद्र रोतेला, वीरेंद्र अधिकारी, केएन सिंह, एस के सिन्हा, सियाराम, सूर्यनारायण, धीरज सिंह आदि मौजूद रहे। इस दौरान फायर विभाग ने भी अग्नि सुरक्षा को लेकर जानकारी प्रदान दी। 13 से 18 मई तक अलग-अलग माइनो में निरीक्षण किया जाएगा। 24 को कार्यकर्म का समापन होगा।

### नर्सिंग डे पर मरीजों को बांटे फल

बागेश्वर। जिला अस्पताल में नर्सों ने नर्सिंग डे धूमधाम के साथ मनाया। यहां आयोजित गोष्ठी में अपने कार्यों एवं कर्तव्यों पर चर्चा की। अस्पताल में आने वाले हर मरीज के साथ सेवाभाव बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों में फल बांटे। मरीजों के जल्द स्वस्थ्य होने की कानमना की। इस मौके पर संतोष भंडारी, विमला महीश, केथरीन, अंजना, काजल, गीता, कुसुम, हेम खेतवाल, उर्मिला, उमा, निधि, दीपा, विमला आदि मौजूद रहे।

### नर्सिंग डे पर मरीजों को बांटे फल

बागेश्वर। जिला अस्पताल में नर्सों ने नर्सिंग डे धूमधाम के साथ मनाया। यहां आयोजित गोष्ठी में अपने कार्यों एवं कर्तव्यों पर चर्चा की। अस्पताल में आने वाले हर मरीज के साथ सेवाभाव बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों में फल बांटे। मरीजों के जल्द स्वस्थ्य होने की कानमना की। इस मौके पर संतोष भंडारी, विमला महीश, केथरीन, अंजना, काजल, गीता, कुसुम, हेम खेतवाल, उर्मिला, उमा, निधि, दीपा, विमला आदि मौजूद रहे।

### निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ता कसें कमरः बल्दिया

बागेश्वर। भाजपा जिला इकाई की रविवार को पार्टी कार्यालय मंडलसेरा में आयोजित बैठक में नगर निकाय चुनाव को लेकर मंथन किया गया। जिला प्रभारी वीरेंद्र बल्दिया ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। नगर निकायों में भी भाजपा का परचम लहराएगा। केंद्र व राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोग खुश हैं। वह अब देश के हर मंच में भाजपा के जन प्रतिनिधियों को देखना चाहते हैं। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाए और सरकार की योजना लोगों तक। कार्यकर्ता इस कड़ी को कतई टूटने न दें। इससे समाज का भी हित सुरक्षित रहेगा। जिलाध्यक्ष ने जिला प्रभारी का स्वागत किया। नगर पंचायत व नगर पालिकाध्यक्ष व सभासद पद के लिए मिल रहे आवेदनों के बारे में बताया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, दीपा आर्या, सुबोध लाल साह, संजय साह, रमेश तिवारी, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, जीवंती कांडपाल, मथुरा प्रसाद, नीमा धपोला, भगवती धपोला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ब्लॉक प्रमुख ने किया पिंडरघाटी का निरीक्षण

बागेश्वर। कपकोट के ब्लॉक प्रमुख गोविंद दानू ने पिंडरघाटी के कुंवारी, किलपारा, तीख आदि गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों ने बदियाकोट-कुंवारी मार्ग में हो रहे डामरीकरण के कार्य पर सवाल उठाए। उन्हें वीडियो तक दिखाए। उन्होंने शंभू नदी में आज तक पुल नहीं बनने पर नाराजगी जताई। दो करोड़, 44 लाख का पुल छह अक्टूबर 2022 तक पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन आज तक एक अपरमैंट तक नहीं बन पाया है। शंभू नदी में गत वर्ष झील बन गई थी। जिसे बाद में सिंचाई विभाग ने खोल दिया था।

# विवेक अग्रवाल के हाथों में कमान, चुने गए जनरल मर्चेंट एसोसिएशन के प्रधान

■ जर्नल मर्चेंट एसोसिएशन के प्रधान चुने जाने पर विवेक अग्रवाल ने की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,13,मईजर्नल मर्चेंट एसोसिएशन के चुनाव में विवेक अग्रवाल के प्रधान चुने जाने पर संगठन के पदाधिकारियों ने उनका अभिनंदन करते हुए उम्मीद जताई कि अपने कार्यकाल में विवेक अग्रवाल संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ ही नयी दिशा देने में अपना अहम योगदान प्रदान करेंगे।

लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ जनरल मर्चेंट एसोसिएशन का चुनाव

गांधी रोड जैन धर्मशाला देहरादून में जनरल मर्चेंट्स एसोसिएशन की आम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नई कार्य कारणी का चुनाव हुआ चुनाव अधिकारी सुधीर जैन और महावीर प्रसाद गुप्ता ने चुनाव की प्रक्रिया को लोकतांत्रिक और पारदर्शी तरीके से संचालित किया।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में प्रधान, विवेक अग्रवाल उप प्रधान, सुधीर अग्रवाल महामंत्री, अशोक ठाकुर कोषाध्यक्ष , अजय गर्ग उप मंत्री , आयुष जैन सर्व समिति से चुने गए। इसके अलावा सम्मानित कार्यकारिणी सदस्य निम्न प्रकार से चुने गए।संरक्षक , सुधीर कुमार जैन एवं पूर्व प्रधान ,महावीर प्रसाद गुप्ता के साथ स्टोर्स इंचार्ज, राजकुमार गोयल सदस्य कार्यकारिणी , मोहनलाल विरमानी, ज्ञान प्रकाश ,मनीष विरमानी, राजेंद्र वाधवा, मोहित मित्तल, अनिल गोयल हरि ओम महावर दीपक, तायल, सौरव भटनागर , सुरेंद्र गोयल प्रदीप नागलिया इसके अलावा दो सदस्य विशेष आमंत्रित में धन प्रकाश गोयल और राजकुमार अरोड़ा को चुना गया।

सभा में फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट से पीसी जोशी एवं उनकी टीम भी उपस्थित रही जोशी ने सभा में उपस्थित सभी सदस्यों को फूड सेफ्टी के बारे में बहुत महत्वपूर्ण जानकारी दी और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन और कैंप में उन्होंने शामिल रहने की बात कही।

विवेक अग्रवाल एसोसिएशन के साथ रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे




निर्वाचित होते ही प्रधान विवेक अग्रवाल ने मौजूद सभी लोगों से कहा कि इस साल जनरल मर्चेंट एसोसिएशन अपने मेंबर्स के लिए मेडिकल फ्री चेकअप कैंप लगाएगी, पांच दिवसीय योगा कैंप का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें मधुमेय और उच्च रक्तचाप से संबंधित योगासन सदस्यों एवं उनके परिवारों को सिखाए जाएंगे। विवेक अग्रवाल ने सभी से 20 सितंबर को अयोध्या जी में राम लला के दर्शन कराने की भी वायदा किया उनके इतना कहते ही सभा स्थल तालियों से गूंज उठा।

## संपादकीय

### केजरीवाल की आक्रामकता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सर्वोच्च अदालत के न्यायाधीशों का आभार जताना चाहिए कि उन्होंने 'मानवीय' होकर उन्हें अंतरिम जमानत दी। केजरीवाल ने जमानत मांगी ही नहीं थी, लेकिन न्यायाधीशों ने लोकतंत्र के व्यापक संदर्भों में माना कि केजरीवाल चुने हुए मुख्यमंत्री और एक राष्ट्रीय पार्टी के प्रमुख हैं। वह आदतन अपराधी भी नहीं हैं। इससे पहले उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला भी दर्ज नहीं है। केजरीवाल से समाज को कोई खतरा भी नहीं है। चूंकि लोकसभा चुनाव पांच साल के बाद आते हैं, लिहाजा उन्हें जनता के सामने अपना एजेंडा रखने और जनता को वह सुनकर जनादेश का निर्णय लेने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। इसके तहत केजरीवाल को एक जून तक, चुनाव प्रचार करने को, अंतरिम जमानत दी जाती है। केजरीवाल के जेल से बाहर आने की यही पृष्ठभूमि है। हालांकि अदालत ने उन पर कई बंदिशें लगाई हैं। दिल्ली के शराब घोटाले के सभी आरोप प्रथमद्रष्ट्या उनके खिलाफ यथावत हैं। केजरीवाल अब भी आरोपित हैं। उन्हें दो जून को तिहाड़ जेल जाना ही होगा। बहरहाल ऐसी किस्मत जेलों में कैद उन 300 के करीब राजनेताओं की नहीं है, जो अपनी-अपनी पार्टी के नेता हैं। आम चुनाव में प्रचार करना उनकी भी अनिवार्यता है। हेमंत सोरेन भी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। उन्हें चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई। बहस के दौरान यह तर्क भी न्यायिक पीठ के सामने दिया गया कि चुनाव प्रचार करना कोई मौलिक अधिकार नहीं है। संभवतः किसी भी राजनेता को चुनाव प्रचार करने को जमानत पर जेल से रिहा नहीं किया गया। केजरीवाल पर जो फैसला अदालत का है, वह भी उसका विशेषाधिकार है। बहरहाल केजरीवाल की रिहाई पर आम आदमी पार्टी (आप) जो जश्न मना रही है और तानाशाही पर लोकतंत्र की जीत बता रही है, वह सब बेमानी है, क्योंकि देश में तानाशाही होती, तो केजरीवाल जेल से कभी छूट ही नहीं पाते। राजनीति में सब कुछ जायज है। अपने पहले संबोधन में ही केजरीवाल ने यहां तक भ्रम और अफवाह फैला दी कि प्रधानमंत्री मोदी अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। तो मोदी की गारंटी का क्या होगा? प्रधानमंत्री मोदी सितंबर, 2025 में 75 साल के हो जाएंगे। उन्होंने ही 2014 में सत्तारूढ़ होने के बाद यह नियम घोषित किया था कि 75 साल और उससे अधिक उम्र के नेता चुनाव नहीं लड़ सकेंगे और न ही किसी पद पर आसीन होंगे। यह एक नैतिक व्यवस्था बनाई गई थी, अलबत्ता भाजपा के संविधान में कोई संशोधन नहीं किया गया। भाजपा में 75 प्लस के 17 सांसद अब भी हैं और 80 साल से अधिक वाले 2 सांसद हैं। केजरीवाल 'पतंगबाजी' में माहिर हैं और उन्होंने गप्पी राजनीति कर कुछ हासिल करने की कोशिश की, लेकिन गृहमंत्री अमित शाह ने उसे ध्वस्त कर दिया और हैदराबाद में सार्वजनिक तौर पर स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री मोदी अपना तीसरा कार्यकाल भी पूरा करेंगे। भाजपा में किसी 'छाया और छद्म प्रधानमंत्री' की कोई व्यवस्था नहीं है। दिलचस्प है कि केजरीवाल का आकलन है कि भाजपा की 220-230 सीटें आ सकती हैं, जबकि राहुल गांधी 150 और 180 के बीच झूलते रहते हैं। यदि 2025 में भी प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी की बात कही जा रही है, तो स्पष्ट है कि सीटें कितनी भी हों, लेकिन सरकार भाजपा-एनडीए की बनने जा रही है। ऐसा केजरीवाल के अलावा विपक्ष के कई नेताओं के आकलन हैं। एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने भविष्यवाणी की है कि कांग्रेस 50 से भी कम सीट तक सिमट जाएगी और लोकसभा में उनका 'नेता प्रतिपक्ष' भी चुना नहीं जा सकेगा।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## लगातार हो रही बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान

बागेश्वर। बागेश्वर में पिछले चार दिनों से लगातार तेज बारिश व ओलावृष्टि हो रही है। इससे गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ऊंचाई वाले इलाकों में ओलावृष्टि से सब्जियां भी बर्बाद हुई हैं। लगातार बारिश से गेहूं की फसल के काला पड़ने की आशंका भी बढ़ रही है। बागेश्वर जिले के कांडा, कपकोट, गरुड़, काफलीगैर और दुगनाकुरी तहसीलों में करीब 16 हजार हेक्टेयर में गेहूं की फसल होती है। गरुड़ क्षेत्र में गेहूं की सर्वाधिक पैदावार होती है। इन दिनों घाटी वाले क्षेत्रों में गेहूं की फसल की कटाई और मढ़ाई का काम शुरू हो गया है, जबकि ग्रामीण इलाकों में फसल तैयार हो रही है। ऐसे में बारिश होने से गेहूं की फसल को नुकसान पहुचने की आसंका बनी है, कई स्थानों पर काटी गई फसल भीगकर खराब हो रही है, तो कहीं खेतों में तैयार हो रही गेहूं की बालियों को नुकसान हुआ है। तेज हवाओं से भी गेहूं की पकी फसल खेतों में गिर गए हैं। जिससे अच्छी पैदावार की उम्मीद लगाए किसान मायूस हैं।

## खटीमा के स्कूलों में मनाया गया मदर्स डे

रुद्रपुर। डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म में रविवार को मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित मातृशक्ति व विद्यालय प्रबंधन समिति ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। माताओं के लिए विद्यालय में अनेक प्रतियोगिताएं जैसे गायन, कला, कुकिंग विदाउट फायर व अनेक खेल आयोजित किए गए। गायन प्रतियोगिता में शांति देवी ने प्रथम, पूजा मेहता ने द्वितीय और कविता चंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता में किरन वर्मा ने प्रथम, इन्द्राणी पाण्डेय ने द्वितीय और मनीषा तड़ागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मदर्स ऑफ द इवेंट का खिताब शांति देवी, ब्यूटी विद ब्रेन इन्द्राणी पाण्डेय और वर्सेटाइल मदर का खिताब पूजा मेहता को दिया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने उपस्थित समस्त मातृशक्ति को प्रणाम करते हुए स्वागत किया। इधर आरएलके विद्यालय प्रांगण में मदर्स डे रविवार को धूम-धाम से मनाया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पेटिंग, कार्ड-मेकिंग, नृत्य और गायन प्रस्तुत किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबन्धक संजय कपूर ने बताया कि मां की ममता को किसी भी तराजू पर नहीं तौला जा सकता। मां का प्यार अपने बच्चों पर अतुलनीय होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ता कसें कमर: बल्दिया

बागेश्वर। भाजपा जिला इकाई की रविवार को पार्टी कार्यालय मंडलसेरा में आयोजित बैठक में नगर निकाय चुनाव को लेकर मंथन किया गया। जिला प्रभारी वीरेंद्र बल्दिया ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। नगर निकायों में भी भाजपा का परचम लहराएगा। केंद्र व राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं से लोग खुश हैं। वह अब देश के हर मंच में भाजपा के जन प्रतिनिधियों को देखना चाहते हैं। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह लोगां की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाए और सरकार की योजना लोगों तक। कार्यकर्ता इस कड़ी को कतई टूटने न दें। इससे समाज का भी हित सुरक्षित रहेगा। जिलाध्यक्ष ने जिला प्रभारी का स्वागत किया। नगर पंचायत व नगर पालिकाध्यक्ष व सभासद पद के लिए मिल रहे आवेदनों के बारे में बताया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, दीपा आर्या, सुबोध लाल साह, संजय साह, रमेश तिवारी, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, जीवंती कांडपाल, मथुरा प्रसाद, नीमा धपोला, भगवती धपोला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खुलेआम शराब पीने व बेचने वालों पर पुलिस करे कार्रवाई

बागेश्वर। कपकोट क्षेत्र में बढ़ने नशे के कारोबाार पर एनएसयूआई ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कार्यकर्ताओं ने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर इस पर कड़ाई से रोक लगाने की मांग की। साथ ही पिकनिक के नाम पर सार्वजनिक स्थलों पर नशापान करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष कमलेश गड़िया के नेतृत्व में छात्र रविवार को कपकोट थाने में पहुंचे। यहां थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि क्षेत्र में हो रही व्यापक शराब तस्करी, खुलेआम मादक पदार्थो का सेवन करने वालों पर पुलिस नकेल नहीं कस पा रही है। इससे तस्करों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने सड़क तथा नदी किनारे पिकनिक के नाम पर शराब पीने की संस्कृति पनप रही है, जो पहाड़ जैसे शांत वादियों के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र मे आ रहे पर्यटकों का भी सत्यापन करने की मांग की है। इस मौके पर दर्शन ऐठानी उपाध्यक्ष, योगेश बोरा सचिव छात्रसंघ, पवन बिष्ट, पंकज तिरुवा, सागर तिरुवा, आदि मौजूद रहे।

### मंडलसेरा के लोगों की प्यास बुझ रही टैंकरों के पानी से

बागेश्वर। जिले में लगातार हो रही बारिश से सरयू नदी में सिल्ट बढ़ गया है। इस कारण नगर पेयजल योजना भी ठीक से काम नहीं कर रही है। इससे आधे नगर की पेयजल व्यवस्था चरमराई हुई है। मंडलसेरा में चार दिन से टैंकरों से पानी भेजा जा रहा है। इसी पानी से लोग अपनी प्यास बुझा रहे हैं। यहां के लिए बनी पेयजल योजना अभी तक तैयार नहीं हो पाई है।

### नगर पालिका विस्तार की अधिसूचना जारी, चेयरमैन पद के दावेदार बढे

रुद्रपुर। नगर पालिका विस्तार की अधिसूचना जारी होने के बाद सोशल मीडिया पर चेयरमैन पद के दावेदारो की बाड़ सी आ गई है।भाजपा,कांग्रेस सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए ताल ठोकी है।जनरल सीट होने पर अलग दावेदार तो ओबीसी ,एससी एसटी सीट में अलग अलग कई दावेदार के नाम सामने आए है और इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। कांग्रेस से टिकिट लेने वाले और भाजपा से टिकिट मांगने वाले जनरल सीट होने पर लोगो की काफी संख्या है। भाजपा से सीट जनरल होने पर रामू जोशी,नंदन सिंह खड़ायत,सतीश भट्ट,मोहनी पोखरिया,भुवन जोशी,किशन सिंह किन्ना,किशोर जोशी एवं कांग्रेस से बॉबी राठौर,सोनी राणा,रवीश भटनागर,साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में वहीदुल्ला खान दावेदार है। अगर ओबीसी सीट होती है तब भाजपा से एडवोकेट रामवचन,भुवन जोशी के नाम सामने आए है। यदि पालिका चेयरमैन सीट एस सी होती है तब निर्दलीय के रूप में दो बार सभासद रहे किशन पाल निर्दलीय के रूप में ,कांग्रेस से राजू सोनकर,नरेंद्र आर्य,पंकज टम्टा भाजपा से अंजू देवी के नाम सामने आए है। अभी और दावेदारो के आने की संभावना है।सोशल मीडिया में दावेदारों ने अपने अपने पेज बना कर प्रचार तेज कर दिया है वही इनके समर्थक भी अपनी अपनी एफबी अकाउंट से दावेदारों की पोस्ट डाल रहे है। सीमा विस्तार की अधिसूचना के बाद सभी दावेदारों ने खुल कर नगरपालिका अध्यक्ष पद के अपने पत्ते खोल दिए है। ऐसा लग रहा है अब जनता की बिजली ,पानी ,सड़क,नाली से जुड़ी सभी समस्याएं पूरी करा कर ही मानेंगे।

# नैनीताल : साढ़े चार लाख के गहने और पुलिस, सामने आई महिला और एक बुजुर्ग की अनोखी कहानी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट,नैनीताल ,13,मई नैनीताल ,बेतालघाट थाने की मित्र पुलिस को एक महिला दुआएं देते नहीं थक रही हैं क्योंकि पुलिस ने उनका गहनों भरा बैग खोजकर वापस दिलाया है। दरसल गरमपानी चौराहे पर वाहन का इंतजार करती हुई एक महिला का बैग गलती से दूसरे बुजुर्ग से बदल गया था,इस महिला के बैग में तकरीबन 5 लाख 50 हजार के जेवरात व दूसरे जरूरी सामान थे। महिला की सूचना पर पुलिस ने तुरंत खोजबीन करके कुछ ही देर में महिला का गहनों से भरा बैग उन्हें वापस लौटा दिया गया

जेवर से भरा बैग जब वापस मिला

धनिया कोट की रहने वाली मीनाक्षी का 11 मई को खैरना गरमपानी बाज़ार में पिट्ठू बेग जिसमें उनका ज़रूरी सामान एवं 2 मंगलसूत्र सोने के ,01 नथ सोने की, 01 मांग टिक्का सोने का 01 जोड़ी झुमके सोने के थे जिनकी कुल अनुमानित क़ीमत चार लाख पचास हज़ार रुपये थी। जिसे उक्त महिला द्वारा चौराहे पर वाहन का इंतज़ार करते हुए रखा गया था।

अज्ञात व्यक्ति अपना समझ कर भूल से ले गया था जल्दबाजी की वजह से मीनाक्षी ने किसी दूसरे का बैग वाहन पकड़ने के दौरान उठा लिया और महिला का बैग किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपना समझ कर ले लिया। कुछ देर में महिला को एहसास हुआ कि उसने किसी और का बैग उठा लिया है, तो इसकी शिकायत महिला ने पुलिस चौकी पर दी।

**पुलिस ने इस तरह से बैग को तलाशा**

कोतवाली भवाली के प्रभारी निरीक्षक डीएल वर्मा ने तत्परता दिखाते हुए बैग तलाश करने में अपनी टीम को लगा दिया । खैरना बाज़ार में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को देखने पर एक व्यक्ति बेतालघाट को जाने वाली बस में चढ़ता हुआ दिखाई दिया जिसकी सूचना व फोटो वीडियो थानाध्यक्ष बेतालघाट अनीश अहमद को तुरंत भेजी गई जिस पर एसआई धर्मेंद्र कुमार और कांस्टेबल जगदीश धामी ने इस मार्ग पर पड़ने वाले सभी होटल ढाबे के सीसीटीवी कैमरा चेक किए और फिर वो बैग की तलाश में बेतालघाट पहुंचे।

**बैग बदलने पर बुजुर्ग भी परेशान थे, सुनाई आपबीती**

पुलिस को ग्राम प्रधान के द्वारा व्यक्ति को ढूंढ़ पाने में सहायता मिली,बेतालघाट थाने के सब इंस्पेक्टर हरिराम और होमगार्ड कपिल बदौड़ी द्वारा ग्राम प्रधानों को उस बुजुर्ग आदमी की फोटो वीडियो भेजी गयी जिनकी पहचान 65 साल के नंद राम निवासी कालड्यू मुक्तेश्वर की पहचान हुई ।इनसे से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि उनके बैग में भी 20 हजार रुपए हैं, जिन्हें वो अपनी बिटिया के लिए लेकर जा थे थे उन्होंने बताया कि उनकी नातिन को लड़के वाले देखने आने वाले थे बैग बदलने की जानकारी जैसे ही हुई तो वो खुद ही पुलिस को सूचित करने चले गए।

मीनाक्षी व बुजुर्ग दोनों के बैगों के नगदी व ज़ेवरात दोनों को पुलिस ने वापस दिलाकर मदद की। दोनों परेशान लोगों ने नैनीताल पुलिस का आभार व्यक्त किया।

पूरे घटनाक्रम में पुलिस टीम की चौकी प्रभारी खैरना एसआई धर्मेंद्र कुमार, कांस्टेबल जगदीश धामी, एसआई हरि राम थाना बेतालघाट व HG कपिल बधुडी थाना बेतालघाट शामिल थे।



## हरिद्वार में उमड़ी भीड़, हाईवे पर लंबा जाम

हरिद्वार। चारधाम यात्रा शुरू होने और रविवार के अवकाश का असर हरिद्वार में देखने को मिला। रविवार को हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। हरकी पैड़ी के गंगा घाट पर सुबह से ही श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाते दिखे। गंगा घाटों पर सुबह से शाम तक स्नान करने वालों का सिलसिला जारी रहा। वाहनों का दबाव अधिक होने पर पंडित दीनदयाल पार्किंग के निकट हाईवे पर सुबह से वाहनों की लम्बी कतार लगी रही। जिसके चलते हाईवे पर वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे। जबकि पुलिस कर्मी हाईवे पर लगे जाम को खुलवाने के लिए लगातार पसीना भी बहाते दिखे। मोती बाजार, बड़ा बाजार, अपर रोड बाजार आदि में यात्रियों की भीड़ रही। हरकी पैड़ी के आसपास की पार्किंग पर भी वाहनों का जमावड़ा लगा रहा। गर्मी का सीजन शुरू होते ही शनिवार और रविवार को आसपास के राज्यों से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचते हैं। वहीं 10 मई से शुरू हुई चारधाम यात्रा के कारण भी देश के विभिन्न राज्यों से यात्री हरिद्वार पहुंचने लगे हैं। जिसके चलते हरकी पैड़ी के गंगा घाटों और आसपास के बाजार श्रद्धालुओं से गुलजार होने लगे हैं। रविवार को दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राज्य के अलग-अलग जिलों से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। रविवार के अवकाश के चलते हरिद्वार के गंगा घाट श्रद्धालुओं से और पार्किंग वाहनों से भरी रही। सुबह से ही गंगा घाटों पर गंगा मैया के जयकारे गूंजते रहे। साथ ही साथ हरकी पैड़ी के निकट के बाजार मोती बाजार, बड़ा बाजार, अपर रोड बाजार, विष्णु घाट और रामघाट बाजार में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने बाजार से जमकर खरीदारी की। लेकिन वाहनों के दबाव के कारण सुबह से ही हाईवे पर जाम की स्थिति बननी शुरू हो गई। अलनंदा होटल के निकट से आने वाली सर्विस लेन पर भी रूक-रूक कर जाम की स्थिति बनी रही। जबकि हरिद्वार से देहरादून जाने वाले वाहनों को पंडित दीनदयाल पार्किंग के निकट से जाम को झेलने में मजबूर होना पड़ा।

## नर्स दिवस पर छात्रों को सेवाभाव के लिए प्रेरित किया

हरिद्वार। एचईसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग जगजीतपुर में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन संदीप चौधरी व निदेशक विकास गुप्ता ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। संदीप चौधरी ने नर्स दिवस पर छात्रों को सेवाभाव के मार्ग पर चलने प्रेरित किया। कार्यक्रम में नर्सिंग की छात्रा आरती ने सरस्वती वंदना एवं पारम्परिक नृत्य की प्रस्तुति दी। छात्रों ने नर्सिंग के कार्य प्रणाली पर एक नुक्कड़ नाटिक का मंचन किया। जिसमें सुहेल, निशु, नावेद, शीतल एवं विशाखा शामिल रहे। शीतल व विशाखा ने पंजाबी नृत्य और अंजली ने गढ़वाली नृत्य किया। निर्णायक मंडल ने नुक्कड़ नाटिक टीम को प्रथम, सरस्वती वंदना में आरती को द्वितीय, गढ़वाली नृत्य में अंजली को तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन आरती एवं विशाखा ने किया। नर्सिंग विभागाध्यक्ष काजल राठौर ने विचार रखे। इस आयोजन में काआर्डिनेटर तारा सिंह, वंदना, रीमा, पूजा, उमराव सिंह, अजय रावत आदि शिक्षकगण व स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## गेहूं काट रही बुजुर्ग महिला से मारपीट

हरिद्वार। गेहूं काट रही एक बुजुर्ग महिला की बुरी तरह पिटाई कर दी। रविवार को बुजुर्ग की शिकायत पर रानीपुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना क्षेत्र के गांव सलेमपुर की है। पुलिस को दी गई शिकायत में कमलेश निवासी बेहड़ा संदल सिंह जिला सहारनपुर यूपी ने बताया कि दोपहर के वक्त खेत में गेहूं काटने के लिए गई थी। आरोप है कि गांव के ही अनिल उर्फ मंजू, सुशील, सतीश उर्फ मुंगा खेत पर आ धमके और उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी ।आरोप है कि उसे खेत से फसल न काटने के लिए डराया धमकाया गया। विरोध करने पर उसे बुरी तरह पीटा। ए कहा। उसकी चीख पुकार सुनकर आस पास के खेत में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्हें देखकर आरोपी हत्या की धमकी देकर फरार हो गए। को0तवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि आरोपी अनिल उर्फ मंजू, सूशील, सतीश उर्फ मुंगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पांच लोगों पर बालक का अपहरण घायल करने का आरोप

रुद्रपुर। ड्यूड़ी मोड़ तिराहे से बालक का अपहरण कर बैगुलडाम के किनारे ले जाकर बालक को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बालक की मां बलविंदर कौर निवासी कैथुलिया ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 10 मई को सायं अपराह्न चार बजे अंग्रेज सिंह, वजीर सिंह, पप्पू सिंह उर्फ परमजीत सिंह, मिंटू सिंह निवासी बैगुलडाम व बूटा सिंह निवासी बगिया बिछुवा ने अपरहरण कर गम्भीर रूप घायल कर दिया। पुलिस ने धारा 147, 325, 367 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## कुमाऊनी एकता समिति ने चलाया सदस्यता अभियान

हरिद्वार। कुमाऊनी एकता समिति शिवालिकनगर के सदस्यता अभियान का शुभारंभ रविवार को समिति मुख्यालय पर हुआ। सदस्यता अभियान का उद्देश्य समाज के सदस्यों एवं उनके परिजनों की जानकारी प्राप्त करना है। ताकि भविष्य में समाज के हित में जानकारी का उपयोग किया जा सके। रविवार को समिति के सदस्यता अभियान के पहले दिन 25 परिवारों को समिति की सदस्यता दी गई। सदस्यता आवेदन पत्र में प्रमुख रूप से परिवार के मुखिया का नाम, हरिद्वार में निवास स्थान का पता, ब्लड ग्रुप, गोत्र, अभिरुचि, मूल निवास स्थान का पता और परिवार के सदस्यों का विस्तृत विवरण सम्मिलित किया जा रहा है। सदस्यता अभियान नवोदय नगर, सुभाष नगर, टिहरी विस्थापित कॉलोनी, भेल, ज्वालापुर, कनखल, हरिद्वार, जगजीतपुर, हरिआश्रय कॉलोनी पतंजलि, भूपतवाला, रुड़की, लक्सर, भगवानपुर आदि क्षेत्रों में चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान में समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान, सचिव ललित मोहन जोशी, महासचिव भुवन भट्ट, कोषाध्यक्ष मनोज पंत, सह कोषाध्यक्ष दिनेश कांडपाल और प्रचार मंत्री सतीश पाठक आदि शामिल रहे।

## घर में घुसकर जेवरात-नगदी उड़ाई

हरिद्वार। विवाह समारोह में शामिल होने गए परिवार की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर घर से चोर जेवरात-नगदी उड़ा ले गए। घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद रानीपुर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में वृद्धा की मौत

रुद्रपुर। ग्राम गडरिया बाग के सामने सड़क पार कर रही वृद्धा की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रविवार को 90 वर्षीय बारमती देवी पत्नी कैलाश निवासी गडरिया बाग गांव के सामने सड़क पार कर रही थी। इस दौरान वह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन उसे सीएचसी लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### डॉली रेंज में वन अग्नि सुरक्षा गोष्ठी आयोजित

रुद्रपुर। वन विभाग ने डॉली रेंज के कोटखर्रा बीट में वन अग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन कर आस पास के ग्रामीणों और गुज्जरों को वनों को आग से बाचाने के टिप्स दिए।गोष्ठी में जंगल से सटे नजदीकी गांवों के ग्रामीणों को जंगलों में आग से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डिप्टी रेंजर शिव सिंह डांगी ने बताया कि वन हमारी अनमोल धरोहर हैं। इससे हम अपना जीवन वयतीत कर रहे हैं। पर्यावरण हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। इसके बिना हमारा जीवन संभव नहीं है और पर्यावरण को आग से बचाना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने सभी से वनों और जंगलो की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने और किसी कारणवश वनों में आग लगने पर तुरंत इसकी सूचना नजदीकी वन चौकी में देने की अपील की। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर शिव सिंह डांगी, कोटखर्रा वन बीट अधिकारी नवल किशोर, फारेस्ट गार्ड कैलाश भाकूनी, दीपक कुमार, संदीप सिंह, गोविंद मेहरा, रेहान अली, बीट वाचर कुंवर धामी, प्रेम तिवारी, प्रताप दानू, जगदीश आर्या, स्थानीय ग्रामीण गौतम कोरंगा, दारा सिंह, नंदन टाकुली, सोबन मेहता, मनीष कोरंगा, चंचल मेहता, कुशल दानू, भूपाल बिष्ट मौजूद रहे।

### कांग्रेस से संदीप व अरुण चौहान ने मेयर पद पर ठोका दावा

काशीपुर। निकाय चुनाव 2024 काशीपुर नगरनिगम से मेयर पद के लिए कांग्रेस से पूर्व महानगर अध्यक्ष समेत दो नेताओं ने दावेदारी की है। जबकि वार्ड पार्षद के लिए आठ कार्यकर्ताओं ने आवेदन किया है। रविवार को पूर्व महानगर अध्यक्ष संदीप सहगल एडवोकेट ने कांग्रेस नव चेतना भवन कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन को काशीपुर नगर निगम चुनाव में सामान्य सीट पर अपनी दावेदारी के लिए आवेदन पत्र जमा कराया। उन्होंने कहा कि वह कई वर्षों से कांग्रेस विचारधारा को जनता तक पहुंचाने के लिए समर्पित रहे हैं। काशीपुर की सीट पर अरुण चौहान ने भी कांग्रेस के सिंबल पर मेयर पद के लिए दावा जताया है। वहीं, पार्षद पदों के लिए आठ कार्यकर्ताओं ने आवेदन दिए। वहां मंसूर अली मंसूरी, रवि ढींगरा,नितिन कौशिक हनीफ गुड्डू,मोहम्मद, शहजाद अंसारी मोहम्मद सेफ, वसीम राजा आदि लोग मौजूद रहे।

### किच्छा के दो युवकों की गुजरात में हादसे में मौत

रुद्रपुर। किच्छा से बड़ोदरा गुजरात एक प्राइवेट फैक्ट्री में मजदूरी करने गए नवयुवकों की ड्यूटी के समय प्रैशर टैंक फटने से मौत हो गयी। सूचना मिलते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया। देर रात तक उनके शव किच्छा पहुचने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि निजी ठेकेदार परवेज निवासी सिसई बंदिया वार्ड तीन के साथ बीते 28 मार्च को आठ युवको का ग्रुप गुजरात के बड़ोदरा स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में मजदूरी करने के लिए गया था। बीते शुक्रवार को फैक्ट्री में काम करते समय एक प्रेशर टैंक धमाके के साथ फट गया। इस घटना में 18 वर्षीय सूरज मौर्य पुत्र राजकुमार मौर्य और 20 वर्षीय विशाल सिंह पुत्र कल्याण सिंह निवासी बंदिया वार्ड चार किच्छा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनके उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजनों को जब दोनों की मौत का समाचार मिला तब कोहराम मच गया। दोनों के शव देर रात तक किच्छा पहुँचने की उम्मीद जताई जा रही है। विधायक तिलक राज बेहड़ और पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मृतकों के परिवारों को शोक संवेदनाए दी है।